# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला**

मनोविज्ञान **(Psychology)**

**Set-1**

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)
## (Ojective Type Questions)

**सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येन प्रश्न का उत्तर दें।**

**Select the Correct answer to each Question.**

**28 x 1 = 28**

1. मॉडलिग के साथ किसका नाम जुड़ा हैं ?

   (अ) वाटसन (ब) वैण्डूरा (स) स्किनर (द) मावरर

   Modeling is associated with

   (a) Watson (b) Bandura (c) Skinner (d) Mowrer

2. आत्मविश्वास के स्तर में कमी का परिणाम हो सकता हैं ?

   (अ) खराब कार्य (ब) निरसन (स) निम्न रूचि (द) इनमें से कोई नहीं

   Decreasing level of self-Confidence may lead to

   (a) Poor work (b) Alienation (c) Lowered Interest (d) None of these

3. स्याही धब्बा परीक्षण किसने विकसित किया ?

   (अ) एडलर (ब) फ्रायड (स) काफमैन (द) रोर्शाक

   Who developed Ink blot test ?

   (a) Adler (b) Freud (c) Kaufman (d) Rorschach

4. डी0 एज0 एम0 चतुर्थ में कितने आयाम हैं ?

   (अ) 2 (ब) 4 (स) 5 (द) 6

   How many axis are there in DSM-IV ?

   (a) 2 (b) 4 (c) 5 (d) 6

5. एक व्यक्ति अपने बॉस की डॉट खाने के बाद अपने चपरासी पर क्रोध करता हैं, यह उदाहरण हैं–

   (अ) प्रक्षेपण (ब) प्रतिक्रिया निर्माण (स) विस्थापन (द) दमन

   A Man becomes angry towards his peon, after being Scalded by his boss, It is an Example of-

   (a) Projection (b) Reaction Formation

   (c) Displacement (d) Repression

6. पाँच कारक मॉडल किसने प्रस्तावित किया ?

   (अ) मैकक्रे तथा कोस्ता (ब) डेविस (स) कारसन (द) केण्डाल

   Who proposed five factor model ?

   (a) Mc Crace & Costa (b) Davis

   (c) Carson (d) Kendall

7. बुद्धि का एसकारकीय सिद्धान्त किसने प्रस्तुत किया ?

   (अ) एडलर (ब) बिने (स) ऑलपोर्ट (द) कैटेल

   Who presented the Unifactor model of intelligence ?

   (a) Adler (b) Binet (c) Allport (d) Cattell

8. व्यक्ति के आकारात्मक मॉडल को किसने विकसित किया ?

   (अ) आइजेन्क (ब) कैटेल (स) फ्रायड (द) इरिक्सन

   Who developed the Topographical Model of Pesonality ?

   (a) Eyrsonality (b) Cattell (c) Freud (d) Erikson

9. परामर्श हैं –

(अ) सहायता सेवा (ब) पारस्परिसक सीखना (स) मार्गदर्शन (द) उपरोक्त सभी

Counselling is -

(a) Helping (b) Mutual Learning (c) Guidance (d) All Above

10. संज्ञानात्मक प्रतिबल प्रबंधन तकनीक में .................... अवस्थाएँ हैं –

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 5

Cognitive Stress Management technique consists of ....................... Stages -

(a) 2 (b) 3 (c) 4 (d) 5

11. रैवेन प्रोग्रेसिव मैट्रीसेज एक परीक्षण हैं –

(अ) शाष्दिक परीक्षण (ब) क्रियात्मक परीक्षण (स) अशाब्दिक परीक्षण (द) उपरोक्त सभी

Raven Progressive Matrices is a Test -

(a) Verbal Test (b) Performance Test (c) Non-Verbal Test (d) All above

12. एक रोगी जिसे अपनी पहचान याद नहीं हैं, कहा जायेगा –

(अ) व्यामोह (ब) मनोविच्छेदी आत्मविस्मृति विकृति

(स) स्मृतिलोप (द) इनमे से कोई नहीं

A Patient who has not remembered his recognition is called -

(a) Delusion (b) Dissociative self-Forgetting Disorder

(c) amnesia (d) None of these

13. क्रमबद्ध असंवेदीकरण का प्रयोग होता हैं –

(अ) भय न्यूनीकरण (ब) चिन्ता बढ़ाने में (स) स्वास्थ्य में (द) इनमे से कोई नहीं

Systematic desensitization is used -

(a) Reducing Fear (b) Increasing anxiety (c) Health (d) None of these

14. मनोविदालिता शब्द पहले किसने प्रयुक्त किया ?

(अ) अब्राहम (ब) कोलमैन (स) ब्यूलर (द) फ्रायड

Who used the term 'Schizophrenia' first ?

(a) Abraham (b) Coleman (c) Bleuler (d) freud

15. सामान्य बुद्धि लब्धि का प्रसार हैं –

(अ) 80–90 (ब) 90–109 (स) 110–120 (द) इनमें से कोई नहीं

The Normal range of the I.Q. is -

(a) 80-90 (b) 90-109 (c) 110-120 (d) None of these

16. लिम्नांकित में से कौन चिन्ता का मुख्य लक्षण हैं ?

(अ) भय (ब) असुरक्षा (स) आशंका (द) व्यामोह

Which is the main Symptom of Anxiety ?

(a) Fear (b) Insecurity (c) Apprehension (d) Delusion

17. मनोलैंगिक अवस्थाओं की संख्या कितनी हैं –

(अ) 4 ब) 5 (स) 3 (द) 6

What is the number of Psychosexual Stages ?

(a) 4 (b) 5 (c) 3 (d) 6

18. 'इन द माइंड्स ऑफ मेन' सम्बन्धित हैं –

(अ) अन्ना फ्रायड (ब) इरिक फ्रोम (स) फेस्टिंगर (द) गार्डनर मर्फी

'In the minds of Man'related with

(a) Anna Freud (b) Erich Fromm (c) Festinger (d) Gardner Murphy

19. शेल्डन ने कितनी तरह के व्यक्तिव प्रकार बताये हैं ?

(अ) चार (ब) दो (स) तीन (द) पाँच

How many personality types are mentioned by Sheldon ?

(a) Four (b) Two (c) Three (d) Five

20. संज्ञानात्मक असंवादिता सिद्धान्त सम्बधित हैं –

(अ) सीखना (ब) पूर्वाग्रह (स) मनोवृत्ति (द) अभिवृत्ति

Cognitive dissonance theory is related -

(a) Learning (b) Prejudice (c) Attitude (d) Aptitude

21. व्यक्ति का अध्ययन किया जाता हैं –

(अ) व्यक्ति के व्यवहारात्मक दोषो को जानने के लिये (ब) व्यक्ति के विकास के लिये

(स) व्यक्ति के समायोजन के लिये (द) उपरोक्त सभी

Study of Individual is done -

(a) To Know the behavioural demerits of individual (b) For development of the Individual

(c) For adjustment of Individual (d) All Above

22. बिने ने साइमन के सहयोग से पहले बुद्धि परीक्षण तैयार किया –

(अ) 1908 (ब) 1911 (स) 1905 (द) 1916

Binet prepared first Intelligence test with the Cooperation of Simon in -

(a) 1908 (b) 1911 (c) 1905 (d) 1916

23. विषाद का संज्ञानात्मक मॉडल किसने प्रस्तुत किया हैं

(अ) फ्रायड (ब) अब्राहम (स) कोलमैन (द) बेक

Cognitive model of depression is presented by -

(a) freud (b) Abraham (c) Coleman (d) Beck

24. सामान्य अनुकूलन संलक्षण में कितनी अवस्थाएँ हैं –

(अ) 4 (ब) 2 (स) 3 (द) 5

How many stages are in general adaptation Syndrome -

(a) 4 (b) 2 (c) 3 (d) 5

25. रूपान्तर विकृति को पहले कहा जाता था –

(अ) चक्कर आना (ब) शरीर दुष्क्रिया आकृति विकृतृि (स) दर्द संलक्षण (द) हिस्टीरिया

In past conversion disorder was called -

(a) Giddiness (b) Body dysmorphic (c) Pain Syndrome (d) Hysteria

26. आनन्द सिद्धान्त सम्बन्धित हैं –

(अ) पराहम् (ब) अहम्(स) उपाहम् (द) चेतन

Pleasure principal related -

(a) Super Ego (b) Ego (c) Id (d) Conscious

27. अपनी कमजोरियों को इसरों पर आरोपित करना कहा जाता हैं –

(अ) अन्तः क्षेपण (ब) प्रक्षेपण (स) प्रतिक्रिया निर्माण (द) इनमें से कोई नहीं

Attributing are’s weakness to others is called -

(a) Introjection (b) Projection (c) Reaction Formation (d) None of these

28. व्यवहार चिकित्सा सम्बन्धित हैं –

(अ) सीखना सिद्धान्त (ब) अभिप्रेरण सिद्धान्त (स) बुद्धि सिद्धान्त (द) उपरोक्त सभी

Behaviour Therapy is related with -

(a) Learning theory (b) Motivation theory

(c) Intelligence Theory (d) All above

## लधु उत्तरीय प्रश्न
**(Short Answer type Question)**

**3 X 7 (21 Marks)**

1. बुद्धि क्या हैं ?
   What is Intelligence ?
2. अनुरूपता से आप क्या समझते हैं ?
   What do you mean by Conformity ?
3. फोबिया क्या हैं ?
   What is Phobia ?
4. मनोवृत्ति क्या हैं ?
   What is Attitude?
5. वायु प्रदूषण क्या हैं ?
   What is air Pollution ?
6. व्यत्तित्व के प्रकार 'A' एवं प्रकार 'B' में क्या अन्तर हैं ?
   What is the difference between type 'A' and type 'B' Personality ?
7. सामूहिक अचेतन क्या हैं ?
   What is collective Unconscious ?
8. सामाजिक संज्ञान से क्या समझते हैं ?
   What do you mean by Social Cognition ?
9. सर्जनात्मकता क्या हैं ?
   What is Creativity ?
10. अंतरा वैयक्तिक संप्रेषण एवं अंतवैयक्तिक संप्रेषण में क्या अन्तर हैं ?
    What is the difference between intrapersonal communication and Interpersonal communication ?

## दीर्ध उत्तरीय प्रश्न
**(Long Answer type Question)**

**7 X 3 (21 Marks)**

11. मनोविदालिता के प्रमुख प्रकारो का उल्लेख कीजिए ।
    Explain the main types of Schizophrenia.
12. बुद्धि के द्वितत्व सिद्धान्त का वर्णन करें ।
    Explain the two factor theory of intelligence.
13. मनोलैंगिक विकास की अवस्थाओं का वर्णन कीजिए।
    Describe psycho-sexual stages of Development.
14. पर्वाग्रह के मुख्य कारणों की विवेचना करें ।
    Discuss the main causes of prejudice.
15. मानसिक मन्दता के प्रकारों पर प्रकाश डालिए ।
    Throw light on types of mental retardation.

## उत्तर    SET-1 (Answers)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ब | 11. | स | 21. | द |
| 2. | अ | 12. | ब | 22. | स |
| 3 | द | 13. | अ | 23. | द |
| 4. | स | 14. | स | 24. | स |
| 5. | स | 15. | ब | 25. | द |
| 6 | अ | 16. | स | 26. | स |
| 7. | ब | 17. | ब | 27. | ब |
| 8. | स | 18. | द | 28. | अ |
| 9. | द | 19. | स | | |
| 10. | ब | 20. | स | | |

## उत्तर (Answers)

1. बुद्धि एक समुच्चय या सार्वजनिक क्षमता हैं जिसके सहारे व्यक्ति उद्देश्यपूर्ण क्रिया करता हैं, विवेकशील चिन्तन करता हैं तथा बातावरण के साथ प्रभावकारी ढ़ंग से समायोजन करता हैं।

2. सामाजिक प्रभाव का एक प्रकार हैं, जिसमे व्यक्ति वर्तमान सामाजिक मानको का अनुपालन करते हुए अपनी अभिवृत्तियों में परिवर्तन कर लेते हैं।

3. चिन्ता विकृति में व्यक्ति किसी ऐसे विशिष्ट वस्तु या परिस्थिति से सतत एवं असंतुलित मात्रा से डरता हैं जो वास्तव में व्यक्ति के लिए खतरनाक नहीं होता हैं।

4. वातावरण के कुछ पहलुओं के प्रति व्यक्ति के भावों विचारों एवं क्रिया करने की पूर्व प्रवृत्तियों को मनोवृत्ति कहा जाता हैं।

5. जीव, जगत तथा उसके पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाले पदार्थो के वायुमण्डल में प्रवेश को वायु प्रदूषण कहते हैं।

6. टाइप–ए का आशय ऐसे व्यक्तियो से है जो हर काम तेज गति से करते हैं, सदैव कार्य के लिये तत्पर रहते हैं, काफी प्रतियोगी होते हैं, इनमे क्रोध एवं आक्रमकता की प्रवृत्ति अधिक होती हैं, दूसरी तरफ टाइप–बी वाले लोग अपेक्षाकृत शान्त, आराम से कार्य करने बाले होते है।

7. सामूहिक अचेतन में पूरी मानव जाति के अनुभव जो हमें अपने पूर्वजों से मिलते हैं, इकट्ठे रहते हैं। इन अनुभवों की अभिव्यक्ति कुछ प्रतिभाओं के द्वारा होती हैं, जिन्हे आदिरूप कहा जाता हैं।

8. वे प्रक्रियाएँ हैं, जिनके माध्यम से व्यक्ति सामाजिक सूचनाओं से अवगत होते हैं, उनकी व्यख्या करते हैं उन्हे याद रखते हैं, और बाद में उनका उपयोग करते हैं। ये अन्य लोगो तथा स्वयं को ठीक से समझने में सहायता करती हैं।

9. विचारों एवं वस्तुओं को उत्पन्न करने की योग्यता तथा समस्या के ऐसे समाधानों को प्रस्तुत करने की योग्यता जिसमें नयापन हो एवं जो उपयुक्त हो।

10. अंतरा वैयक्तिक संप्रेषण का संबंध व्यक्ति की स्वयं से संवाद करने की क्रिया को कहते हैं। जबकि अंतवैयक्तिक संप्रेषण का तात्पर्य उस संप्रेषण से है जो दो या दो से अधिक व्यक्तियों से संबंधित होता हैं।

11. मनोविदालिता एक अत्यन्त गम्भीर मानसिक रोग हैं, यह मनोविक्षिप्ति विकृतियों का एक समूह हैं जिसमें चिन्तन, संवेग तथा व्यवहार में अत्यधिक क्षुध्‍ता की विशेषता होती हैं, DSM-IV में मनोविदालिता के मुख्य पाँच प्रकार बतलाये हैं, जो निम्नलिखित हैं –

    (i) विधटित मनोविदालिता – इस प्रकार के मनोविदालिता का मुख्य लक्षण सम्भ्रान्ति, असंगतता तथा कुष्ठित भाव आदि होता है। इसके रोगी अपनी देखभाल भी नहीं कर पाते।

    (ii) कैटैटोनिक मनोविदालिता – इस तरह के मनोविदालिता में तीन तरह की लाक्षणिक अवस्थाएँ होती है।कैटेटोनिक स्टूपर में रोगी गतिहीन तथा अनुक्रियाहीन का लक्षण दिखलाता हैं, दूसरी अवस्था उत्तेजन अवस्था की होती हैं जिसमे रोगी काफी उत्तेजित दिखता हैं। तीसरी अवस्था वह होती हैं जिसमें स्टूपर तथा उत्तेजन के लक्षण फेर–बदल कर होते रहते हैं।

(iii) व्यामाही मनोविदालिता – इस प्रकार के मनोविदालिता में व्यामोह तािा श्रव्य विभ्रम का एक क्रमवद्ध एवं संगठित तंत्र होता हैं।

(iv) मिश्रित मनोविदालिता – इसमें उस मानसिक रोगी को रखा जाता हैं जिन्हें मनोविदालिता के रोगी के रूप में पहचान तो की जाती हैं परन्तु उसे मनोविदालिता के कोई स्पष्ट प्रकार में रखना सम्भव नहीं हो पाता हैं।

(v) अवशिष्ट मनोविदालिता – इस प्रकार में मनोविदालिता के भड़कीले लक्षण की संख्या तथा त्रीवता में तो कमी हो जाती हैं परन्तु फिर भी वे अवशिष्ट प्रारूप में बने रहते है।

12. द्विकारक सिद्धान्त का प्रतिपादन स्पीयरमैन ने 1404 में किया। इनके अनुसार बुद्धि की संचरना में मूल रूप से दो कारक निहित होते हैं– सामान्य कारक या 'g' कारक तथा विशिष्ट कारक या 'S' कारक।

'g' कारक का अर्थ है कि प्रत्येक व्यक्ति में मानसिक कार्य करने की एक सामान्य क्षमता भिन्न–भिन्न मात्रा में होती हैं। श्हश कारक को स्पीयमैन ने मानसिक ऊर्जा कहा हैं। जिस पर किसी तरह के शिक्षण, प्रशिक्षण तथा पूर्व अनुभूति का कोई प्रभाव नहीं होता हैं, इसलिए 'g' कारक को जन्मजात कारक कहते है। 'g' कारक प्रत्येक मनुष्य में मानसिक कार्य करने की क्षमता के अनुसार पाया जाता हैं। सामान्य मानसिक योग्यता के अतिरिक्त प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ विशिष्ट योग्यताएँ भी पायी जाती हैं। 's' कारक विभन्न व्यक्तियों में अलग–अलग हो सकता हैं, अर्थात् किसी व्यक्ति में एक विशिष्ट योग्यता भी हो सकती हैं तथा एक से अधिक विशिष्ट योग्यताएँ भी हो सकती हैं। एक व्यक्ति जितने अधिक क्षेत्र या विषयों में कुशल होता हैं उसमें उतने ही 's' कारक पाए जाते हैं।

13. फ्रायड ने व्यक्तिव विकास की व्याख्या बच्चों में जन्म के समय से ही मौजूद लैंगिक ऊर्जा के रूप में किया है जो पाँच मनोलैंगिक अवस्थाओं से होकर विकसित होती है। जो निम्नलिखित हैं –

(i) मुखावस्था – मनोलैंगिक अवस्था की पहली अवस्था है जो जन्म से लेकर 1 साल की उम्र तक का होता हैं। इस अवस्था में कामुकता क्षेत्र मुँह होता हैं। बच्चे मुँह द्वारा की जाने वाली क्रियाओं से आनन्द प्राप्त करते हैं।

(ii) गुदीय अवस्था – 2 से 3 साल के आयु के बीच की होती हैं। इसमें सुख की प्रतीति गुदा पर और मल के प्रतिधारण और निष्कासन पर केन्द्रित रहती हैं।

(iii) लिंगप्रधाना वस्था – यह जीवन के चौथे से पाँचवे साल के दौरान की अवस्था होती हैं। इस अवस्था में कामुकता क्षेत्र जनेन्द्रिय होता हैं। इस अवस्था में लड़कों में मातृ–मनोग्रन्थि तथा लड़कियों में पित्–मनोग्रन्थि पाई जाती हैं। ये दोनो मनोग्रन्थियों सर्वभौम होती हैं।

(iv) अव्यक्तावस्था – यह 6 या 7 साल के उम्र से प्रारम्भ होकर लगभग 12 वर्ष की आयु तक की होती हैं। इस अवस्था में लैंगिक इच्छाओं का उदात्तीकरण होते पाया जाता हैं।

(v) जननेन्द्रियावस्था – यह अंतिम अवस्था हैं जो 13 वर्ष की आयु से प्रारंभ होकर निरंतर चलती रहती हैं। इस अवस्था में किशोरावस्था तथा प्रौढ़ावस्था दोनों ही सम्मिलित होते हैं।

14. पूर्वाग्रह एक तरह की मनोवृत्ति है जो व्यक्ति को किसी समूह या उसके सदस्यों के प्रति अनुकूल या प्रतिकूल ढ़ंगों से सोचने, प्रत्यक्षण करने, अनुभव करने तथा क्रिया के लिए पहले से तत्पर बना देती हैं। पूवाग्रह के निम्नलिखित कारण हैं –

(i) अधिगम – अन्य अभिवृत्तियों की तरह पूर्वाग्रह भी साहचर्य, पुरस्कार एवं दंड, दसरों के व्यवहारों के प्रेक्षण, समूह या संस्कृति के मानक तथा सूचनाओं की उपलब्धता आदि के कारण पनपते हैं।

(ii) एक प्रबल सामाजिक अनन्यता – वे लोग जिनमें सामाजिक अनन्यता की प्रबल भावना होती हैं वे अपने समूह के प्रति सकारात्मक प्रवृति तथा दूसरे समूह के प्रति नकारात्मक मनोवृत्ति रखते है। जिसका प्रदर्शन पूर्वाग्रह के रूप में होता हैं।

(iii) सामाजिक संधर्ष – विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच में संधर्ष होने से भी पूर्वाग्रह की उत्पत्ति होती हैं तथा उसका सम्पोषण होता हैं।

(iv) जन समूह माध्यम – सिनेमा, टेलीविजन, समाचार–पत्र, रेडियो पत्रिकाओं आदि के द्वारा हमें दूसरे व्यक्तियों एवं समूहों के बारे में तरह–तरह की सूचनाएँ मिलती हैं जिसके आधार पर पूर्वाग्रह विकसित होता हैं।

डपर्युक्त कारणों से पूर्वाग्रह विकसित होता हैं।

15. मानसिक मन्दता एक प्रकार की विकासात्मक अयोग्यता हैं। यदि किसी की बुद्धिलविध 70 से नीचे है या उसके व्यवहार में अनुकूली व्यवहार की प्रर्याप्त कमी है तो इसे मानसिक दुर्बलता कहा जाऐगा। इसके प्रमुख प्रकार निम्न है।

(i) साधानण मानसिक मंदता – इस श्रेणी में आने वाले बालकों की बुद्धिलविध 52–67 के बीच होती हैं। ऐसे बालकों को कुछ शिक्षा बौद्धिक स्तर 8 से 11 साल के सामान्य बालक जैसा होता है।

(ii) अल्पबल मानसिक – इस श्रेणी में आने वाले बालक की बुद्धिलविध 36 से 51 होती हैं। ऐसे बालकों को कुछ प्रशिक्षण दिया जाना संभव होता हैं।

(iii) गंभीर मानसिक मंदता – इस श्रेणी में आने वाले बालक की बुद्धिलविध 20 से 35 के बीच होती हैं। ऐसे बालको को सदा दूसरो पर निर्भर रहने वाला अर्थात् आश्रित बालक कहा जाता हैं।

(iv) गहन मानसिक संदता – इस श्रेणी में आने वाले बालकों की बुद्धिलविध 20 से नीचे होती हैं। ऐसे बालकों को सम्पूर्ण जीवन तक देख–रेख चाहनेवाला बालक की श्रेणी में रखा जाता हैं। ये प्रायः अल्पायु होते हैं।

इस प्रकार स्पष्ट हैं कि मानसिक मंदता के चार प्रकार हैं।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

## मनोविज्ञान (Psychology)

## Set – II

# MODEL PAPER

## कक्षा - XII

## मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET – II

## खण्ड - अ

## Group – A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective type questions)

**सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें । 28x1=28**
**Select the correct answer to each question : 28x1=28**

1. बिने-साइमन परीक्षण माप है –

(अ) मनोवृति परीक्षण (ब) व्यक्तित्व परीक्षण
(स) बुद्धि परीक्षण (द) अभिरूचि परीक्षण

Binet-Simon test is a measure of –

(a) Attitude (b) Personality
(c) Intelligence (d) Interest

2. फ्रायड के अनुसार इनमें से कौन मन का गत्यात्मक मॉडल है ?

(अ) चेतन (ब) अवचेतन
(स) अचेतन (द) उपाहं

According to Freud which of the following is dynamic model of mind ?

(a) Conscious (b) Sub-conscious
(c) Unconscious (d) Id

3. निम्नलिखित में से कौन सृजनात्मक चिन्तन की अवस्था नहीं है

(अ) सत्यापन (ब) धारण
(स) उद्‌भवन (द) तैयारी

Which one among the following is not the stage of creative thinking ?

(a) Verification (b) Retention
(c) Incubation (d) Preparation

4. निम्नलिखित में कौन मनोविकृति नहीं है ?

(अ) मनोविदालिता (ब) स्थिर व्यामोह
(स) उत्साह-विषाद मनोविकृति (द) उन्माद

Which of the following is not a psychiatric disorder ?

(a) Verification (b) Paranoia

(c) Obsessive compulsive neurosis (d) Hysteria

5. परिवार किस समूह का उदाहरण है ?

(अ) प्राथमिक (ब) द्वितीयक

(स) संदर्भ (द) इनमें से कोई नहीं

Family is an example of -

(a) Primary group (b) Secondary group

(c) Reference (d) None of these

6. निम्नलिखित में से कौन संचार की विशेषता नहीं है ?

(अ) गत्यात्मक (ब) सततता

(स) अंतरसक्रियता (द) पलटावी

Which of the following is not characteristic of communication ?

(a) Dynamically (b) Continuously

(c) Interactivity (d) Reversible

7. व्यक्ति से व्यक्ति के संवाद करने की प्रक्रिया है -

(अ) सम्प्रेषण (ब) ग्राहयता

(स) प्रभावकर्ता (द) संचारकर्ता

The process of transfer of meaning from one person to another is called -

(a) Communication (b) Receptor

(c) Effector (d) Communicator

8. परामर्श में सम्बन्ध होता है -

(अ) सामाजिक (ब) व्यक्तिपरक

(स) वस्तुपरक (द) सहायतापरक

Relationship in counselling is -

(a) Social (b) Personal

(c) Objective (d) Pro-social

9. जीव तथा उसके पर्यावरण के बीच के सम्बन्धों का अध्ययन कहलाता है -

(अ) मनोविज्ञान (ब) रोग-निदान

(स) पारिस्थितिकी (द) समाजशास्त्र

The study of relationship between organism and its environment is called -

(a) Psychology (b) Etiology

(c) Ecology (d) Sociology

10. विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है -

(अ) 5 मई को | (ब) 5 जून को
(स) 5 दिसम्बर को | (द) 5 जुलाई को

World Environment Day is celebrated on -

(a) 5 May | (b) 5 June
(c) 5 December | (d) 5 July

11. निम्नलिखित में से कौन मानसिक स्वास्थ्य का आधार है ?

(अ) तर्कपूर्ण चिन्तन | (ब) वैयक्तिक स्वतंत्रता
(स) वास्तविक संज्ञान | (द) संवेगात्मक स्थिरता

Which of the following is the basis of mental health ?

(a) Rational thinking | (b) Individual independence
(c) Real cognition | (d) Emotional stability

12. पतंजली का नाम सम्बद्ध है -

(अ) परामर्श से | (ब) योग से
(स) मनोचिकित्सा से | (द) स्वप्न विश्लेषण से

Patanjali is related to -

(a) Counselling | (b) Yoga
(c) Psychotherapy | (d) Dream analysis

13. डी.एस.एम.-IV प्रस्तुत किया गया -

(अ) विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा | (ब) भारतीय मनोरोग संघ द्वारा
(स) अमरीकी मनोरोग संघ द्वारा | (द) विश्व स्टैटिस्टिकल संघ द्वारा

D.S.M.-IV was proposed by -

(a) World Health Organization | (b) Indian Psychiatrists Association
(c) American Psychiatrists Association | (d) World Statistical Organization

14. किसी सामान्य प्रक्रिया को असामान्य रूप से बार-बार दुहराने की व्याधि को क्या कहते हैं ?

(अ) दुर्भीति | (ब) आतंक विकृति
(स) मनोग्रस्ति वाहयता | (द) सामान्यीकृत दुश्चिन्ता

A general act of a person which is repeatedly done many times in an unusual way will be known as -

(a) Phobia | (b) Panic disorder
(c) Obsessive compulsive disorder | (d) Generalized anxiety disorder

15. फ्रायड के अनुसार सबसे महत्वपूर्ण रक्षायुक्ति कौन-सा है ?

(अ) विस्थापन (ब) दमन

(स) दलन (द) प्रतिगमन

According to Freud which defence mechanism is most important ?

(a) Displacement (b) Supression

(c) Repression (d) Regression

16. किसे परामर्श कौशल का भाग नहीं माना जाता है ?

(अ) परानुभूति (ब) प्रामाणिकता

(स) स्वीकारात्मक सम्मान (द) सक्रिय सुनना

Which is not a part of counselling skill ?

(a) Empathy (b) Authenticity

(c) Positive regard (d) Active listening

17. एक्रोफोबिया का अर्थ होता है -

(अ) कुत्ता से डरना (ब) बिल्ली से डरना

(स) ऊँचाई से डरना (द) आँधी-तूफान से डरना

Acrophobia refers to -

(a) Fear of dog (b) Fear of cat

(c) Fear of height (d) Fear of cyclone

18. तनाव के धनात्मक पहलू है -

(अ) डिस्ट्रेस (ब) यूस्ट्रेस

(स) परिश्रांति (द) इनमें से कोई नहीं

Positive aspect of Stress is -

(a) Distress (b) Eustress

(c) Exhaustion (d) None of these

19. तनाव-प्रबन्धन के लिए निम्नलिखित योजनाओं में कौन अधिक प्रभावी है ?

(अ) सामुदायिक सहारा (ब) संज्ञान में परिवर्तन

(स) पारिवारिक कार्यक्रम (द) व्यावसायिक सहारा

Which strategy is most effective in stress management ?

(a) Community support (b) Change in cognition

(c) Family programme (d) Occupational support

20. बुद्धि-लब्धि को कौन सूत्र मापता है ?

(अ) वास्तविक आयु/मानसिक आयु × 100 (ब) मानसिक आयु × वास्तविक आयु × 100

(स) मानसिक आयु/वास्तविक आयु ×100 (द) 100/वास्तविक आयु × मानसिक आयु

Which formula measure I.Q. ?

(a) $\frac{\text{C.A.}}{\text{M.A.}} \times 100$ (b) M.A. x C.A. x 100

(c) $\frac{\text{M.A}}{\text{C.A.}} \times 100$ (d) $\frac{100}{\text{C.A.}} \times \text{M.A.}$

21. मनोविज्ञान में सर्वप्रथम बुद्धि परीक्षण का प्रारम्भ किसने किया ?

(अ) कैटेल (ब) वेश्लर

(स) बिने (द) साइमन

Who was the first Psychologist to start testing of intelligence ?

(a) Cattell (b) Wechsler

(c) Binet (d) Simon

22. टाईप 'ए' तथा टाईप 'बी' व्यक्तित्व का प्रतिपादन किया -

(अ) युंग ने (ब) आलपोर्ट ने

(स) मॉरिस ने (द) फ्रीडमैन एवं रोजेनमैन ने

Type 'A' and Type 'B' personality have invented by -

(a) Jung (b) Allport

(c) Morris (d) Friedman and Rosenman

23. निम्नलिखित में से कौन आनन्द सिद्धान्त से निर्देशित होता है ?

(अ) पराहं (ब) उपाहं

(स) अहं (द) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is guided by pleasure principle ?

(a) Superego (b) Id

(c) Ego (d) None of these

24. सांवगिक वृद्धि के संप्रत्यय का प्रतिपादन किसने किया ?

(अ) गोलमैन ने (ब) सैलोभी एवं मेयर ने

(स) गार्डनर ने (द) इनमें से कोई नहीं

Who has introduced the concept of emotional intelligence ?

(a) Goleman (b) Salovey and Mayer

(c) Gardner (d) None of these

25. मनोविश्लेषण चिकित्सा संबंधित है –

(अ) युंग से | (ब) फ्रायड से
(स) मैसलो से | (द) एडलर से

Psychoanalysis therapy is related by -

(a) Jung | (b) Freud
(c) Maslow | (d) Adler

26. फ्रायड के अनुसार ऑडिपस की अवधि में बालक प्रतियोगिता करता है –

(अ) बहन के साथ | (ब) भाई के साथ
(स) माता के साथ | (द) पिता के साथ

According to Freud during Oedipus period the boy conspetes with -

(a) Sister | (b) Brother
(c) Mother | (d) Father

27. सामान्य अनुकूलन संलक्षण में अवस्थाएँ हैं –

(अ) पाँच | (ब) तीन
(स) चार | (द) दो

States in general adaptation syndromes are -

(a) Five | (b) Three
(c) Four | (d) Two

28. निम्नलिखित में कौन दैहिक बिकार है ?

(अ) पीड़ा विकार | (ब) काय-आलंविता विकार
(स) परिवर्तन विकार | (द) इनमें से सभी

Which of the following is somatic disorder ?

(a) Pain disorder | (b) Somatization disorder
(c) Conversion disorder | (d) All of these

## खण्ड – ब

## Group – B

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type questions)

**प्रश्न सं0 १ से १० तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं ७ प्रश्नों के उत्तर दें । 7x3=21**

**Q. Nos. 1 to 10 are short answer type. Answer any 7 questions. 7x3=21**

1. मनोवैज्ञानिक गुणों के प्रमुख क्षेत्रों को बतलाऐं ।

Point out the major domains of psychological attributes.

2. सांवेगिक बुद्धि क्या है ?

What is emotional intelligence ?

3. लिबिडो क्या है ?

What is Libido ?

4. व्यक्तित्व को परिभाषित करें ।

Define Personality.

5. समायोजी व्यवहार का क्या अर्थ होता है ?

What is meant by coping behaviour ?

6. दुर्भीति क्या है ?

What is Phobia ?

7. स्वतंत्र साहचर्य का अर्थ बतलाऐं ।

Explain the meaning of free association.

8. पूर्वाग्रह क्या है ?

What is prejudice ?

9. भीड़ को परिभाषित करें ।

Define crowd.

10. पर्यावरण से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by environment ?

## खण्ड – स

## Group – C

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type questions)

**प्रश्न सं0 ११ से १५ दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर दें ।** **3x7=21**

**Q. Nos. 11 to 15 are long answer type. Answer any three questions.** **3x7=21**

11. बुद्धि के द्वि-कारक सिद्धान्त का वर्णन करें ।

Discuss the two-factor theory of intelligence.

12. स्व के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें ।

Discuss the different types of self.

13. प्रतिबल के मुख्य स्त्रोतों का वर्णन करें ।

Describe the major sources of stress.

14. मनोविदालिता के लक्षणों का वर्णन करें ।

Describe the symptoms of schizophrenia.

15. प्राकृतिक महाविपदा के प्रभावों का वर्णन करें ।

Explain the effect of natural disaster.

# मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET-II का ANSWER

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective) :** **28x1=28**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. स | 2. द | 3. ब | 4. द | 5. अ | 6. द | 7. अ |
| 8. द | 9. स | 10. ब | 11. स | 12. ब | 13. स | 14. स |
| 15. स | 16. द | 17. स | 18. ब | 19. ब | 20. स | 21. स |
| 22. द | 23. ब | 24. ब | 25 ब | 26. द | 27. ब | 28. द |

**लघु उत्तरीय Short answer) :** **7x3=21**

1. मनोवैज्ञानिक गुण बहुआयामी होते हैं। अर्थात् यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति का सही-सही मूल्यांकन करना चाहता है, तो उसे उसका कई क्षेत्रों के कार्यों की परख करनी पड़ती है। इन क्षेत्रों में बुद्धि, अभिवृति, अभिरूचि, व्यक्तित्व, मूल्य आदि प्रमुख हैं।

2. सांवेगिक बुद्धि में कौशलों का एक ऐसा सेट होता है जिसके सहारे व्यक्ति संवेगों का नियमन (regulation), अभिव्यक्ति तथा सही-सही मूल्यांकन कर पाता है ।

3. मूलप्रावृत्तिक जीवन बल (instinctual life force) जो उपाहं (Id) को ऊर्जा प्रदान करता है, को लिबीडो कहा जाता है। यह सुखद नियम (pleasure principle) के अनुरूप काम करता है और तात्कालिक तुष्टि चाहता है।

4. व्यक्तित्व मनोवैज्ञानिक एवं शारीरिक गुणों का एक ऐसा गत्यात्मक संगठन (dynamic organization) है जो व्यक्ति को पारिस्थिति के साथ समायोजन स्थापित करने में मदद करता है। गत्यात्मक संगठन का अर्थ है कि व्यक्तित्व के शीलगुण एवं अन्य संबंधित विशेषताऐं आन्तरिक या वाह्य परिस्थितिजन्य मांगों के कारण परिवर्तित हो सकती है।

5. समायोजी व्यवहार से तात्पर्य पर्यावरण तथा आन्तरिक मांगों एवं उनके बीच के द्वंद्वों का नियंत्रण करन के लिए क्रिया-उन्मुखी (action oriented) तथा अन्तःमानसिक (intrapsychic) दोनों तरह के प्रयासों से होता है। ऐसे व्यवहार से प्रतिबलक के बुरे प्रभावों को नियंत्रित किया जाता है।

6. अतार्किक भय (irrational fear) को दुर्भीति कहा जाता है। इसमें व्यक्ति ऐसी वस्तु या परिस्थिति से डरता है जो वास्तव में व्यक्ति को कोई हानि सामान्यतः नहीं पहुँचाता है, फिर भी डरकर व्यक्ति अपने समायोजन को प्रभावित कर लेता है।

7. स्वतंत्र साहर्य फ्रायड (Freud) द्वारा प्रतिपादित एक ऐसी विधि है जिसमें चिकित्सक के आग्रह पर रोगी अपने मन में आने वाले सभी प्रकार के विचारों को बिना किसी हिचकिचाहट के बतलाता है।

8. पूर्वाग्रह सामान्यतः एक नाकारात्मक मनोवृत्ति होती है जो तथ्यों पर आधारित नहीं होती है। पूर्वाग्रह का संज्ञानात्मक तत्व प्रायः घृणा या नापसंदगी जैसे भावात्मक तत्व से घिरा रहता है।

9. जब व्यक्ति मात्र संयोगवश किसी स्थान या परिस्थिति में एकत्रित हो जाते हैं, तो उसी भीड़ कहा जाता है। किम्बल यंग (Kimball Young) के अनुसार सामान्य ध्यान बिन्दु के केन्द्र के चारों तरफ पर्याप्त संख्या में एकत्रित लोगों के संग्रहण को भीड़ कहा जाता है।

10. पर्यावरण एक सामान्य शब्द है जिसके अन्तर्गत प्राणी का भौतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश आता है। भौतिक वातावरण में प्राकृतिक एवं मनुष्य द्वारा निर्मित चीजें तथा सांस्कृतिक एवं सामाजिक परिवेश में समाज की प्रथा, मानक, मूल्य आदि को रखा जाता है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type)** **3x7=21**

11. इस सिद्धान्त का प्रतिपादन स्पीयरमैन (Spearman) ने विशेष सांख्यिकीय विश्लेषण अर्थात् कारक विश्लेषण (factor analysis) के आधार पर किया। इस सिद्धान्त के अनुसार बुद्धि की सरंचना में मूल रूप से दो कारक होते हैं - सामान्य कारक (general factor or g-factor) तथा विशिष्ट कारक (specific factor or s-factor) ।

**सामान्य कारक :** स्पीयरमैन के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति में मानसिक कार्य करने की एक सामान्य क्षमता भिन्न मात्रा में रहती है। सचमुच, सामान्य कारक व्यक्ति को मानसिक कार्य करने के लिए एक प्रकार की मानसिक ऊर्जा प्रदान करती है। जिस व्यक्ति में g-कारक जितना ही अधिक होगा, वह व्यक्ति उतना ही अधिक सभी प्रकार के मानसिक कार्यों को करने में सक्षम होगा। g-कारक पर किसी प्रकार के प्रशिक्षण, शिक्षण एवं गत-अनुभूति का प्रभाव नहीं पड़ता है।

**विशिष्ट कारक :** स्पीयर के अनुसार प्रत्येक मानसिक कार्य करने में उस कार्य के स्वरूप के अनुसार कुछ विशिष्टता (specificity) की भी आवश्यकता पड़ती है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रत्येक मानसिक कार्य दूसरे से कुछ-न-कुछ भिन्न होता है। s-कारक पर व्यक्ति के प्रशिक्षण, पूर्व अनुभूति आदि का काफी प्रभाव पड़ता है। अर्थात् प्रशिक्षण देकर हम किसी खास मानसिक कार्य के लिए s-कारक की मात्रा में वृद्धि कर सकते हैं। अच्छा गायक डॉक्टर, अभियंता आदि g-कारक पर तो उच्च होते ही हैं, साथ ही साथ उनमें कुछ ऐसी विशिष्टता भी होती है जिसके कारण वे अपने क्षेत्र में विशिष्ट होते हैं।

12. अपने को एक वस्तु के रूप में देखते हुए स्वयं के बारे में विचारों एवं अनुभूतियों की समग्रता विकसित करना ही 'स्व' है। मोटे तौर पर 'स्व' के दो प्रकार बताए गए हैं -

**(a) व्यक्तिगत स्व (Personal Self) :** इसमें ऐसी उन्मुखता होती है जिसमें व्यक्ति मूलतः अपने आप से मतलब या अपने प्रति चिंता दिखलाता है। वैसे, व्यक्ति की जैविक अवस्थाओं जैसे भूख, प्यास आदि में वह

केवल अपनी भूख, प्यास आदि कम करने की बात सोंचता है। इसी तरह व्यक्ति जब अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता, व्यक्तिगत उपलब्धि की बात सोंचता है, तो यह भी व्यक्तिगत स्व है।

**(b) सामाजिक स्व (Social Self) :** इसकी उत्पत्ति दूसरों के साथ की गयी अन्त:क्रियाओं के परिणामस्वरूप होती है और ऐसा स्व मूलत: व्यक्ति की जिन्दगी के कुछ विशेष पहलूओं जैसे, सहयोग, एकता, दूसरों के लिए अपनी इच्छा का त्याग, समर्थन आदि पर अधिक बल डालता है। इस प्रकार के स्व में व्यक्ति सामाजिक सम्बन्धों एवं परिवार की अहमियत पर अधिक बल देता है। इसीलिए इसे पारिवारिक स्व या संबंधात्मक स्व (relationship self) भी कहा जाता है।

स्पष्ट है कि स्व जो व्यक्ति में अपने बारे में चेतन अनुभूतियों, विचारों, चिन्तनों एवं भावों की एक समग्रता होती है, के मुख्य दो हैं। एक स्वस्थ स्व में दोनों प्रकारों का परिपक्व संतुलन होता है।

13. व्यक्ति में विभिन्न प्रकार की घटनाओं एवं परिस्थितियों से तनाव या प्रतिबल (stress) उत्पन्न होता है। ऐसी परिस्थितियों एवं घटनाओं के प्रतिबल के स्त्रोत (source) कहा जाता है। कुछ प्रमुख स्त्रोत निम्न हैं –

**(a) जीवन की घटनाऐं :** जब व्यक्ति जीवन की सुखद या दुखद घटनाओं के साथ पुन: समायोजन (readjustment) नहीं कर पाता है तो उसमें तनाव उत्पन्न होता है। जीवन की ऐसी घटनाओं में प्रियजनों की मृत्यु, अप्रत्याशित दुर्घटना, दोस्ती भंग होना, परिवार के सदस्य में गंभीर बीमारी, आदि।

**(b) दिन-प्रतिदिन की उलझनें :** दिन-प्रतिदिन की छोटी-छोटी उलझनों से भी प्रतिबल उत्पन्न होता है। ऐसी उलझनें पर्यावरणीय जैसे, आवाज, शोरगुल, अपराध, पास-पड़ोस से होने वाले नोंक-झोंक, कार्य स्थल में उत्पन्न उलझन, पदोन्नति के अवसर का न होना आदि से उत्पन्न होती है।

**(c) अभिघातज अनुभूतियाँ (traumatic experiences) :** व्यक्ति के जीवन में कुछ अभिघातज अनुभूतियाँ होती है जिससे भी प्रतिबल उत्पन्न होता है। जैसे, मकान में अचानक आग लग जाना और भागने का रास्ता नहीं दिखना, सड़क दुर्घटना, भुकंप का आना, डकैतों का घर में प्रवेश कर जाना, आदि ।

**(d) अभिप्रेरकों का द्वन्द्व (conflicts of motives) :** जब दो या दो से अधिक अभिप्रेरक एक ही समय में अपने-अपने लक्ष्य की ओर व्यक्ति को खींचने लगते हैं, तो इससे व्यक्ति में द्वन्द्व उत्पन्न होता है और इसका परिणाम प्रतिबल होता है। जैसे, कोई छात्र न गणित पढ़ना चाहता है और न भौतिकी। लेकिन माता-पिता के दबाव में किसी एक को पढ़ना ही होता है। ऐसी परिस्थिति से छात्र में द्वन्द्व उत्पन्न होता है और फिर प्रतिबल उत्पन्न होता है।

14. मनोविदालिता के तीन प्रमुख लक्षण हैं –

**(i) धनात्मक लक्षण (Positive symptoms) :** धनात्मक लक्षणों से तात्पर्य वैसे लक्षणों से होता है जो रोगी में सामान्य मनोवैज्ञानिक कार्यो के विरूपण (distortion) से होता है तथा जो ज्यादती या बहुत व्यवहार (excess behaviour) जैसे व्यामोह, विभ्रम आदि उत्पन्न करता है। इसके अन्तर्गत आने वाले लक्षणों में व्यामोह

(delusion), विभ्रम (hallucination), विघटित चिन्तन एवं संभाषण (disorganized thinking and speech), अनुपयुक्त भाव (inappropriate effect) आदि प्रमुख हैं।

**(ii) ऋणात्मक लक्षण :** इसके अन्तर्गत वैसे लक्षण आते हैं जिसमें रोगी सामान्य कार्यों को इतना विरूपित (distor) कर देता है कि उससे मनोवैज्ञानिक कमी (deficit) दिखायी पड़ती है। जैसे, पाठ-संभाषण की कमी (poverty of speech), कुंठित भाव, इच्छा-शक्ति की कमी देखी जाती है। रोगी जवाब देते समय चुप हो जाता है, परिस्थिति अनुकूल होते हुए भी कोई संवेग नहीं दिखाता या किसी काम को पूरा करने में सक्षम रहता है।

**(iii) मनोपेशीय लक्षण (Psycho-motor symptoms) :** मनोविदालिता के रोगियों द्वारा किए गए व्यवहार के हाव-भाव, गति एवं दिशा काफी हास्यास्पद होता है। ऐसे रोगी में कैटेटोनिया देखा जाता है जिसमें मनोपेशीय व्यवहार एक अनत्य रूप (extreme form) ले लेता है। इसमें मूल रूप से कैटेटोनिक स्टूपर (रोगी लंबे समय तक अपने आपको खामोशी की अवस्था में रखता है), कैटेटोनिक दृढ़ता (रोगी घंटों सीधी शारीरिक मुद्रा में अपने आपको रखता है) तथा कैटेटोनिक हाव-भाव (रोगी लंबे समय तक एक अजूबा शारीरिक स्थिति बना कर रखता है) देखा जाता है।

15. प्राकृतिक महाविपदा व्यक्ति के जीवन एवं सम्पत्ति आदि को तहस-नहस कर काफी क्षति पहुँचाता है। समाज मनोवैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि प्राकृतिक महाविपदा के कुछ प्रमुख प्रभाव निम्न हैं -

(i) यह व्यक्ति को बेघर, संसाधनहीन तथा इतना लाचार कर देता है ि कवह हर प्रकार से अपने को असहाय पाता है।

(ii) यह व्यक्ति को एक परिस्थिति में लाकर खड़ा कर देता है जहाँ कल तक तो सभी उसके परिवार के सदस्य एवं दोस्त-बंधु साथ थे और आज कोई नहीं है और न उसका कोई सामान आदि भी उसके पास है।

(iii) प्राकृतिक आपदा से जो अभिघातज अनुभूतियाँ (traumatic experiences) व्यक्ति को होती है उससे आगे चलकर विशेष प्रकार की मनोवैज्ञानिक विकृति (disorder) उत्पन्न होने की उम्मीद होती है। ऐसी विकृतियों में प्रतिबल विकृति (stress disorder) प्रमुख हैं।

⌘⌘⌘⌘⌘

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

## मनोविज्ञान (Psychology)

## Set – III

# MODEL PAPER
## कक्षा - XII
## मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)
## SET – III

## खण्ड - अ
## Group – A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective type questions)

**सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें । 28x1=28**
**Select the correct answer to each question : 28x1=28**

1. मनोविज्ञान में किस व्यक्ति ने व्यक्तिगत भिन्नता के संप्रत्यय को सर्वप्रथम प्रकाश में लाया ?

(अ) थार्नडाइक (ब) कैटेल
(स) स्पीयरमैन (द) गाल्टन

Who was the first psychologists to start testing of intelligence ?
(a) Thorndike (b) Cattell
(c) Spearman (d) Galton

2. प्रतिभाशाली बालक की सबसे बड़ी विशेषता है -

(अ) दृढ़ता (ब) सूझ
(स) मौलिकता (द) संवेगात्मक परिपक्वता

The most important characteristics of genius child -
(a) Determination (b) Insight
(c) Originality (d) Emotional

3. पास मॉडल का विस्तारित रूप है -

(अ) निष्पादन, समकालिका-आनुक्रमिक, अवधान-भाव प्रबोधन
(ब) योजना, अवधान-भाव प्रबोधन, समकालिका-आनुक्रमिक
(स) अवधान-भाव प्रबोधन, समकालिका-आनुक्रमिक, योजना
(द) समकालिक-आनुक्रमिक, योजना, अवधान-भाव प्रबोधन

The expanded form of PASS model is -
(a) Performance, Attention-arousal, Simultaneous successive
(b) Planning, Attention-Arousal, Simultaneous Successive
(c) Attention-Arousal, Simultaneous Successive, Planning
(d) Simultaneous Successive, Planning, Attention-Arousal

4. बुद्धि के पास मॉडल को प्रस्तावित किया –

(अ) जे.पी. दास–नागलियरी–किर्बी (ब) नागलियरी–बिने–टर्मन

(स) बिने–टर्मन–किर्बी (द) इनमें से कोई नहीं

PASS model of intelligence was proposed by -

(a) J.P. Das – Naglieri – Kirby (b) Naglieri – Binet - Terman

(c) Binet – Terman – Kirby (d) None of these

5. बाकर मेंहदी परीक्षण मापक है –

(अ) व्यक्तित्व का (ब) सर्जनात्मकता का

(स) अभिरूचि का (द) मनोवृत्ति का

Baquer Mehdi test is a measure of -

(a) Personality (b) Creativity

(c) Interest (d) Attitude

6. रोजर्स के अनुसार आत्म का विकास होता है –

(अ) बाल्यावस्था में (ब) शैशवावस्था में

(स) किशोरावस्था में (द) व्यस्कावस्था में

According to Rogers the development of self happens -

(a) In childhood (b) In infancy

(c) In adolescence (d) In adulthood

7. दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच अन्तःक्रिया है –

(अ) प्रयोग (ब) साक्षात्कार

(स) परामर्श (द) परीक्षण

Interaction between two persons is -

(a) Experiment (b) Interview

(c) Counselling (d) Testing

8. संचार में कूट संकेतन की विशेषता कौन है ?

(अ) कूट संकेत में व्यक्ति अपने अनुभूति में परिवर्त्तन लाता है।

(ब) कूट संकेत में व्यक्ति अपनी सांवेगिक उत्तेजन पर नियंत्रण करता है।

(स) कूट संकेत में व्यक्ति अपने विचारों को विशेष अर्थ प्रदान करता है।

(द) कूट संकेत में व्यक्ति अपने भावनाओं को व्यक्त करता है।

Which one of the following is the characteristics of encoding to communication ?

(a) Person brings changes his experience in encoding.

(b) Person controls emotional stability in encoding.

(c) Person provides specific thought to his own in encoding.

(d) Person develops his feeling in encoding.

9. 'चिपको आंदोलन' संबंधित है -

(अ) वनों के संरक्षण से (ब) जल प्रदूषण से

(स) शोर प्रदूषण से (द) वायु प्रदूषण से

'Chipko Movement' is related with -

(a) Forest conservation (b) Water pollution

(c) Noise pollution (d) Air pollution

10. भारतीय परिपेक्ष्य में निर्धन किसे कहेंगे ?

(अ) आमदनी कम और जीवन अपर्याप्त हो (ब) आमदनी अधिक पर आवश्यकता कम हो

(स) आमदनी और आवश्यकता दोनों अधिक हो (द) इनमें से कोई नहीं

Who was poor in Indian context ?

(a) Low income with insufficient life (b) High income with low need

(c) Both high income and high need (d) None of these

11. भीड़ का परिणाम है -

(अ) वैयक्तिक स्वतंत्रता में कमी

(ब) सामाजिक अन्त:क्रिया पर नियंत्रण के अभाव की भावना

(स) प्रदूषित वातावरण का भाव

(द) स्थान के प्रति निषेधात्मक दृष्टिकोण

Crowding results -

(a) Decrease in individual privacy

(b) Feeling of lack of control on social interaction

(c) Feeling of polluted environment

(d) Negative view towards space

12. आक्रामकता का कारक कौन नहीं है ?

(अ) मॉडलिंग (ब) कुंठा

(स) व्यवहारपरक औषधि (द) बच्चों का पालन-पोषण

Which of the following is not the cause of aggressiveness ?

(a) Modelling (b) Frustration

(c) Behavioural medicine (d) Child rearing

13. पर्यावरण मनोविज्ञान अध्ययन करता है -

(अ) वातावरण सम्बन्धी मनोवैज्ञानिक विषय (ब) वातावरणीय प्रदूषण

(स) अन्त:समूह व्यवहार (द) जीवन-शैली एवं मनोवृत्ति

Environmental Psychology deals with -

(a) Psychological issues pertaining to human environment

(b) Environmental pollution

(c) Inter-group behaviour

(d) Life-style and attitude

14. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है -

(अ) 21 अक्टूबर (ब) 11 अक्टूबर

(स) 31 अगस्त (द) 21 नवम्बर

World Mental Health Day is celebrated on -

(a) 21st October (b) 11th October

(c) 31st August (d) 21st November

15. ध्वनि प्रदूषण का सर्वाधिक प्रभाव -

(अ) खीझ (ब) नींद में क्षुब्धता

(स) आँखों में दर्द (द) 'अ' और 'ब'

The maximum effect of sound pollution is -

(a) Annoyance (b) Disturbance in sleep

(c) Pain in eyes (d) 'a' and 'b' both

16. नॉर्मन ट्रिपलेट का अध्ययन सम्बन्धित है -

(अ) परोपकारिता से (ब) सामाजिक सुकरीकरण से

(स) सामाजिक श्रमावनयन से (द) सामाजिक संघर्ष से

Study of Norman Triplett is related with -

(a) Altruism (b) Social facilitation

(c) Social loafing (d) Social conflict

17. निम्नलिखित में से किस समूह में निष्ठा का भाव अधिक होता है ?

(अ) संदर्भ समूह (ब) चल समूह

(स) वाहृय समूह (द) अन्तःसमूह

Which one of the following group has the feeling of loyality most ?

(a) Reference group (b) Mobile group

(c) Out group (d) Ingroup

18. निम्नलिखित में से कौन द्वितीयक समूह नहीं है ?

(अ) राजनैतिक दल (ब) विद्यालय

(स) औद्योगिक संगठन (द) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following is not a secondary group ?

(a) Political party (b) School

(c) Industrial organisation (d) None of these

19. पूर्वाग्रह में घटकों की संख्या होती है –

(अ) तीन (ब) पाँच

(स) दो (द) चार

The number of components in prejudice are -

(a) Three (b) Five

(c) Two (d) Four

20. मनोवृत्ति से तात्पर्य है –

(अ) व्यवहार में परिवर्तन (ब) मूल्यों में परिवर्तन

(स) मत का निर्माण (द) इनमें से कोई नहीं

Attitude refers to -

(a) Change in behaviour (b) Change in values

(c) Formation of opinion (d) None of these

21. 'योग' एक है –

(अ) आघात चिकित्सा (ब) जैव-आयुर्विज्ञान चिकित्सा

(स) वैकल्पित चिकित्सा (द) मानसिक शल्य चिकित्सा

'Yoga' is a -

(a) Shock therapy (b) Bio-medical therapy

(c) Indigenous therapy (d) Psycho surgical therapy

22. विश्व योग दिवस मनाया जाता है –

(अ) 21 जुलाई को (ब) 21 जून को

(स) 21 मई को (द) 21 अगस्त को

"World Yoga Day" is celebrated on -

(a) $21^{st}$ July (b) $21^{st}$ June

(c) $21^{st}$ May (d) $21^{st}$ August

23. गेस्टाल्ट चिकित्सा एक प्रकार का है –

(अ) समूह चिकित्सा (ब) वैयक्तिक चिकित्सा

(स) अंशतः समूह तथा अंशतः वैयक्तिक चिकित्सा (द) न समूह चिकित्सा न वैयक्तिक चिकित्सा

Gestalt therapy is a type of -

(a) Group therapy (b) Personal therapy

(c) Partially group and partial personal therapy

(d) Neither group therapy nor personal therapy

24. इनमें कौन मादक द्रव्य नहीं है ?

(अ) कोकेन | (ब) कॉफी
(स) स्मैक | (द) अफीम

Which is not a substance abuse ?

(a) Cocaine | (b) Coffee
(c) Smack | (d) Opium

25. द्वि ध्रुवीय विकार के दो ध्रुव हैं -

(अ) तर्कसंगत तथा अतर्कसंगत | (ब) मनोग्रस्ति तथा बाध्यता
(स) स्नायुविकृति तथा मनोविकृति | (द) उन्माद तथा विषाद

The two poles of bi-polar disorder are -

(a) Logical and illogical thought | (b) Obsessive and compulsive
(c) Psychosis and neurosis | (d) Hysteria and Deppression

26. इनमें कौन असमान्यता के जैविकीय कारण नहीं है ?

(अ) शारीरिक संरचना | (ब) आरंभिक वंचन
(स) आनुवंशिकता | (द) अंत:स्त्रावी ग्रंथियों का प्रभाव

Which is not the biological cause of abnormality ?

(a) Physique | (b) Early deprivation
(c) Heredity | (d) Effect of endocrine glands

27. एडलर के मनोविज्ञान को कहा जाता है -

(अ) विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान | (ब) वैयक्तिक मनोविज्ञान
(स) मानवतावादी मनोविज्ञान | (द) गत्यात्मक मनोविज्ञान

The Psychology of Adler is called -

(a) Analytical Psychology | (b) Individual Psychology
(c) Humanistic Psychology | (d) Dynamic Psychology

28. व्यक्तित्व के नैतिक पक्ष का प्रतिनिधित्व करता है -

(अ) उपाहं | (ब) अचेतन
(स) पराहं | (द) अहं

The representative of moral aspect of Personality is -

(a) Id | (b) Unconscious
(c) Super ego | (d) Ego

## <u>खण्ड - ब</u>

## <u>Group – B</u>

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type questions)

**प्रश्न सं0 १ से १० तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं ७ प्रश्नों के उत्तर दें । 7x3=21**

**Q. Nos. 1 to 10 are short answer type. Answer any 7 questions. 7x3=21**

1. अभिवृति क्या है ?

   What is aptitude ?

2. बुद्धि का अर्थ बताऐं ।

   Give the meaning of intelligence.

3. टाईप ए व्यक्तित्व की विशेषताओं का वर्णन करें ।

   Discuss the characteristics of Type a Personality.

4. प्रतिबल के संप्रव्यय की व्याख्या करें ।

   Explain the concept of stress.

5. चिन्ता मनोविकृतियों की विशेषताओं का वर्णन करें ।

   Describe the features of anxiety disorders.

6. संज्ञानात्मक व्यवहार चिकित्सा की विशेषताओं का वर्णन करें ।

   Describe the features of cognitive behaviour therapy.

7. स्कीमा से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by Schema ?

8. बैंडवेगेन प्रभाव से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by bandwagon effect ?

9. आज्ञापालन को परिभाषित करें ।

   Define obedience.

10. कुंठा-आक्रामकता परिकल्पना क्या है ?

    What is frustration-aggression hypothesis ?

## <u>खण्ड - स</u>

## <u>Group – C</u>

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type questions)**

**प्रश्न सं0 ११ से १५ दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर दें । 3x7=21**

**Q. Nos. 11 to 15 are long answer type. Answer any three questions. 3x7=21**

11. दुर्भीति के प्रकारों का वर्णन करें ।

    Explain the types of Phobia.

12. मनोविश्लेषण चिकित्सा के विभिन्न चरणों की व्याख्या करें ।

व्यवहार की उत्पत्ति में अंतस्त्रावी ग्रंथियों से निकलने वाला हॉर्मोन्स में असंतुलन भी एक महत्वपूर्ण कारक जैसे एड्रीनल कॉर्टेक्स (adrenal cortex) से कोर्टिजोल (cortisol) अधिक निकलता है तो इससे विषाद उत्पत्ति होती है। अध्ययनों से यह स्पष्ट हो गया है कि न्यूरोट्रांसमीटर (neurotransmitter) की असा क्रियाओं के कारण कई विशेष तरह के मानसिक रागेग उत्पन्न हेते हैं, जैसे जब गामा एमिनोबुट्रिक ए (Gamma Aminobutyric Acid or GABA) नामक न्यूरोट्रांसमीटर की क्रियाएँ कम हो जाती है, तो व्यक्ति में दुश्चिंता विकृति उत्पन्न हो जाती है, डोपामाइन (dopamine) की अधिकता से मनोविदालिता सेरोटोनिन (serotonin) की क्रियाएँ कम होने से विषाद जैसे मानसिक रोग उत्पन्न होता है।

13. तनाव वैसी घटनाओं या उद्दीपकों के प्रति एक ऐसी अनुक्रिया है जो व्यक्ति के दैहिक एवं मनोवैज्ञानिक कार्य विघटित कर देता है। ऐसे उद्दीपकों एवं घटनाआं को आसेधक (stressors) कहा जाता है। आसेधक का स्र आंतरिक या बाह्य कुछ भी हो सकता है। तनाव के कुछ प्रमुख स्त्रोत निम्नांकित हैं –

(क) **जिन्दगी की घटनाएँ** – व्यक्ति की जिन्दगी में तरह–तरह के सुखद एवं दुखद घटनाएँ घटित होती है। जब व्यक्ति इन घटनाओं के साथ पुनर्समायोजन (readjustment) नहीं कर पाता तब उसमें उत्पन्न होते हैं।

(ख) **दिन-प्रतिदिन की उलझनें** – जीवन के दिन-प्रतिदिन की छोटी–छोटी उलझनों से भी प्रतिबल (str उत्पन्न होता है। जैसे आवाज, शोरगुल, अपराध, पास–पड़ोस से होने वाले बकझक, भोजन बनाना की सफाई, समयाभाव से उत्पन्न उलझन, आर्थिक उत्तरदायित्व से उत्पन्न उलझन, कार्य–स्थल से उ उलझन आदि सम्मिलित हैं।

(ग) **अभिघातज अनुभूतियाँ** – व्यक्ति की जिन्दगी में कुछ अभिघातक अनुभूतियाँ होती है जिनसे भी उत्पन्न होता है। जैसे सुनामी, सड़क दुर्घटना, भूकंप, आग लग जाना आदि कुछ ऐसी घटनाऐं हैं जि व्यक्ति में गंभीर दबाव उत्पन्न होते हैं। प्राय: ऐसे दबाव की एक खासियत यह भी होती है परिस्थिति या घटना समाप्त होने के बहुत बाद भी इसके मात्र याद से ही व्यक्ति में दबाव उत्पन्न लगता है।

(घ) **अभिप्रेरकों का द्वन्द्व** – जब दो या दो से अधिक अभिप्रेरक एक ही समय में अपने-अपने लक्ष्य ओर व्यक्ति को खींचने लगते हैं तो इससे व्यक्ति में द्वन्द्व उत्पन्न होता है। इस द्वन्द्व का नतीजा यह है कि व्यक्ति दबाव का शिकार हो जाता है।

इस प्रकार स्पष्ट तौर से कहा जा सकता है कि दबाव कई स्त्रोतों से व्यक्ति में उत्पन्न होता

14. परामर्श एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें परामर्शकर्ता परामर्शग्राही को अपनी समस्याओं के समाधान में मदद करत चूँकि परामर्शकर्ता एक प्रशिक्षित व्यक्ति होता है, अत: उसकी यह पूर्णरूपेण जवाबदेही बनती है कि परामर

रोगी को पूरा-पूरा लाभ हो। तभी उसे एक प्रभावी परामर्शकर्ता कहा जा सकता है। एक सफल एवं प्र परामर्शकर्ता कहलाने के लिए कुछ अपेक्षित गुण होने चाहिए जो निम्नांकित हैं -

**(i)** एक प्रभावी परामर्शदाता में अपने स्व की समझ और जागरूकता होती है। एक प्रभावी परामर्शदाता आवश्यकताओं, भावनाओं, व्यक्तिगत सामर्थ्य एवं सीमाओं को ठीक ढंग से समझता है।

**(ii)** परामर्शदाता का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। उन्हें अपनी निजी समस्याओं की पहचान कर उत्पन्न कठिनाईयों एवं सीमाओं पर ध्यान देना चाहिए।

**(iii)** परामर्शदाता में पर्याप्त मात्रा में संवेदनशीलता होनी चाहिए। एक संवेदनशील परामर्शदाता रागी की समस को समझने और प्रत्येक क्लायंट की समस्याओं का समाधान के लिए अलग-अलग तरीकों का उपयोग कर सफल हो पाते हैं।

**(iv)** परामर्शदाता को परामर्शवादी के प्रति स्वीकारात्मक सम्मान का भाव रखना चाहिए। परामर्शदाता को रोगी सम्मान करते हुए प्रसन्नतापूर्ण व्यवहार करना चाहिए। साथ ही परामर्शदाता को ठीक उसी ढंग से सोचना च जैसा कि स्वयं क्लायंट सोच रहा है।

15. अहं रक्षा प्रक्रम एक ऐसा तरीका है जिसके माध्यम से व्यक्ति वास्तविकता में विकृति लाकर अपनी चिन्त कम करता है। ऐसे रक्षा प्रक्रमों का उपयोग सभी व्यक्ति करते हैं। कुछ प्रमुख अहं प्रतिरक्षा युक्तियाँ निम्न हैं-

(i) **दमन**- दमन एक ऐसा अहं रक्षा प्रक्रम है जिसके द्वारा चिन्ता, तनाव, मानसिक द्वन्द्व उत्पन्न करने असामाजिक एवं अनैतिक इच्छाओं को चेतना से हटाकर व्यक्ति अचेतन में भेज देता है।

(ii) **यौक्तिकीकरण** - इसमतें अयुक्तिसंगत अभिप्रेरकों एवं इच्छाओं से उत्पन्न मानसिक द्वन्द्व का समाधान अभिप्रेरकों एवं इच्छाओं को युक्तिसंगत बनाकर अर्थात् तर्क संगत एवं विवेकपूर्ण बनाकर किया जाता है।

(iii) **प्रतिक्रिया निर्माण** - इस प्रक्रम में किसी अप्रिय या कष्टकर इच्छा या प्रेरणा के विपरीत इच्छा या विकसित करके व्यक्ति अपने अहं को बचाता है।

(iv) **प्रक्षेपण** - दूसरे लोगों या वातावरण के प्रति अपनी अमान्य प्रस्तुतियों, मनोवृतियों एवं व्यवहारों को अ रूप से आयोजित करने की क्रिया को प्रक्षेपण कहा जाता है।

(v) **खंडन** - इस प्रतिरक्षा युक्ति में व्यक्ति में वास्तविकता को पूर्णरूपेण अस्वीकार करता है और अपने आप चिन्ता से मुक्त रखता है।

⌘⌘⌘⌘⌘

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

## मनोविज्ञान (Psychology)

## Set – VI

# MODEL PAPER

## कक्षा - XII

## मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET – VI

## खण्ड - अ

## Group – A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective type questions)

**सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें । 28x1=28**
**Select the correct answer to each question : 28x1=28**

1. निम्न में से कौन विशिष्ट बालक नहीं है ?

(अ) प्रतिभाशाली बालक (ब) मानसिक दुर्बल बालक
(स) सामान्य बालक (द) विकलांग बालक

Which one of the following is not a special child ?
(a) Genius (b) Mentally deficient child
(c) Normal child (d) Physically handicapped

2. गार्डनर ने अभी तक कुल कितने प्रकार के बुद्धि की पहचान की है ?

(अ) दस (ब) छः
(स) सात (द) आठ

Gardner has identified how many types of intelligence till now ?
(a) Ten (b) Six
(c) Seven (d) Eight

3. संज्ञानात्मक मूल्यांकन प्रणाली किसने विकसित किया ?

(अ) ऑलपोर्ट (ब) स्टर्नबर्ग
(स) जे.पी. दास एवं नागलेयरी (द) गिलफोर्ड

Who has developed cognitive assessment system ?
(a) Allport (b) Sternberg
(c) J.P. Das & Naglieri (d) Guilford

4. नए एवं मूल्यवान विचारों को देने की क्षमता को कहा जाता है –

(अ) अभिक्षमता (ब) सूझ
(स) बुद्धि (द) सर्जनशीलता

The capacity of giving new and valuable ideas is called -

(a) Aptitude
(b) Insight
(c) Intelligence
(d) Creativity

5. निम्न में से कौन व्यक्तित्व विशेषता है ?

(अ) अभिप्रेरणा
(ब) संवेग
(स) सर्जनात्मकता
(द) बुद्धि

Which of the following is a personality traits ?

(a) Motivation
(b) Emotion
(c) Creativity
(d) Intelligence

6. मैसलो के आवश्यकता पदानुक्रम सिद्धान्त में आत्म-सम्मान का स्थान नीचे से है -

(अ) पाँचवाँ
(ब) तीसरा
(स) चौथा
(द) दूसरा

The place of self respect in Malow's need hierarchy theory from bottom is -

(a) Fifth
(b) Third
(c) Fourth
(d) Second

7. सोलह व्यक्तित्व कारक प्रश्नावली विकसित किया गया है -

(अ) मर्रे द्वारा
(ब) युंग द्वारा
(स) ऑलपोर्ट द्वारा
(द) कैटल द्वारा

16 PF questionnaire was developed by -

(a) Murray
(b) Jung
(c) Allport
(d) Cattell

8. व्यक्ति के अचेतन इच्छाओं को बाहर लाने की विधि कहलाती है -

(अ) जीवन-वृत्त विधि
(ब) साक्षात्कार विधि00
(स) प्रक्षेपण विधि
(द) प्रश्नावली विधि

The method of taking out the unconscious desires is -

(a) Life history method
(b) Interview method
(c) Projective method
(d) Questionnaire method

9. आईजेंक व्यक्तित्व प्रश्नावली से मापन नहीं होता है -

(अ) सांवेगिक स्थिरता-अस्थिरता
(ब) अर्न्तमुखता-बहिर्मुखता
(स) समाज विरोधी व्यक्तित्व
(द) मनस्तापित

Eysenck Personality Questionnaire (EPQ) does not measure -

(a) Emotionally-Stability-Instability
(b) Introvert-Extroversion
(c) Anti-social personality
(d) Psychoticism

10. किसने 'अशर्त सकारात्मक आदर' का संप्रत्यय दिया है ?

(अ) एडलर (ब) मैक्निले

(स) रोजस (द) फ्रायड

Who has given the concept of 'unconditional positive regard' ?

(a) Adler (b) McKinley

(c) Rogers (d) Freud

11. संवेगात्मक समायोजन का आशय है –

(अ) परिस्थिति के अनुसार अपना संवेग व्यक्त करना (ब) अपने संवेग पर नियंत्रण करना

(स) हर परिस्थिति में समान संवेग व्यक्त करना (द) इनमें से कोई नहीं

The meaning of emotional adjustment is -

(a) To express our emotion according to situation

(b) To control on our emotion

(c) To express equal emotion in all situation

(d) None of these

12. निम्न में कौन असामान्य व्यवहार से सम्बन्धित नहीं है ?

(अ) क्रोमोजोन्स असमानता (ब) मानसिक असंतुलन

(स) स्मरण का कमजोर होना (द) शारीरिक गठन

Which of the following is not related with abnormal behaviour ?

(a) Chromosomes abnormality (b) Mental imbalance

(c) Loss of memory (d) Physique

13. रैशनल इमोटिव चिकित्सा का प्रतिपादन किसने किया ?

(अ) शेल्डन (ब) राजर्स

(स) फ्रायड (द) अल्बर्ट इल्लिस

Who has propounded Rational Emotive Therapy ?

(a) Sheldon (b) Rogers

(c) Freud (d) Albert Illis

14. इनमें कौन मानसिक रोगियों का पुर्नवास से सम्बन्धित नहीं है ?

(अ) आंशिक अस्पताल के रूप में भर्त्ती (ब) भूतपूर्व रोगियों का क्लब

(स) शारीरिक विकलांग लोगों का पुर्नवास (द) व्यवसायपरक चिकित्सा

Which is not related with the rehabilitation of mental patients ?

(a) Partial hospitalization (b) Ex-patients clubs

(c) Rehabilitation of physically handicapped (d) Occupational therapy

15. मनोवृत्ति का विकास सर्वाधिक प्रभावित होता है –

(अ) जाति से (ब) परिवार से

(स) आयु से (द) बुद्धि से

The development of attitude is largely influenced by -

(a) Caste (b) Family

(c) Age (d) Intelligence

16. इनमें से कौन रूढ़ियुक्ति की विशेषता नहीं है ?

(अ) मानसिक प्रतिभा (ब) पूर्ण सम्मत विश्वास

(स) अतिरंजित समान्यीकरण (द) स्थानापन्न या प्रतिनिधिमूलक शिक्षण

Which one is not the characteristic of stereotype ?

(a) Mental picture (b) Widely agreed belief

(c) Exaggerated generalization (d) Establishment or representative training

17. स्वार्थरहित मदद है –

(अ) सामाजिक श्रमावनयम (ब) परोपकारिता

(स) सामाजिक सुकरीकरण (द) सामाजिक कानून

Selfless help is -

(a) Social loafing (b) Attruism

(c) Social facilitation (d) Social law

18. समूह संरचना से किसका सम्बन्ध नहीं है ?

(अ) समूह का आकार (ब) समूह की बनावट

(स) संचार प्रारूप (द) इनमें से कोई नहीं

Which factor is not related to group formation ?

(a) Size of the group (b) Structure of the group

(c) Communication pattern (d) None of these

19. निम्न में कौन समूह संरचना का तत्व नहीं है ?

(अ) पदवी (ब) भूमिका

(स) समूह सोच (द) मानक

Which is not the element of group structure ?

(a) Status (b) Roles

(c) Group thinking (d) Norms

20. एक सन्दर्भ समूह के लिए सर्वाधिक वांछित अवस्था है –

(अ) समूह का आकार (ब) समूह की सदस्यता

(स) समूह का प्रभाव (द) समूह के सथ सम्बद्धता

The most requisite condition for a reference group is -

(a) Size of the group (b) Membership of a group

(c) Influence of the group (d) Affiliation with the group

21. अर्न्तदृष्टि के विकास में किस कौशल का उपयोग होता है ?

(अ) प्रेक्षण कौशल का (ब) विशिष्ट कौशल का

(स) परीक्षल कौशल का (द) परामर्श कौशल का

Which skill is used in the development of insight ?

(a) Observational skill (b) Specific skill

(c) Testing skill (d) Counselling skill

22. परामर्श सम्बन्धी आवश्यक तत्व कौन नहीं है ?

(अ) सामूहिकता (ब) निजिता

(स) गोपनीयता (द) सहयोग

Which is not the counselling related essential element ?

(a) Collectivity (b) Ethics

(c) Confidentiality (d) Co-operative

23. संचार कौशल के लिए कौन-सा कौशल अनिवार्य नहीं है ?

(अ) प्रभावी बोलना (ब) प्रभावी ढंग से सुनना

(स) अशाब्दिक संचार (द) सावंगिक स्थिरता

Which skill is not essential for communication skill ?

(a) Effective speaking (b) Effecting listening

(c) Non-verbal communication (d) Emotional stability

24. भीड़ का व्यवहार है –

(अ) तर्कपूर्ण (ब) अविवेकी

(स) विवेकपूर्ण (द) इनमें से कोई नहीं

Crowd behaviour is -

(a) Logical (b) Irrational

(c) Rational (d) None of these

25. अपने वातावरण के सततृ आवाज के साथ समंजन स्थापित करने की प्रक्रिया को कहते हैं –

(अ) अभ्यसन (ब) सीखना

(स) आदत बनाना (द) इनमें से कोई नहीं

The process by which a individual adapts to the continuous noise in the environment is called -

(a) Habituation (b) Learning
(c) Habit formation (d) None of these

26. बन्दूरा के अनुसार आक्रामक व्यवहार को सीखने का मुख्य आधार है –

(अ) प्रतिरूपण (ब) सीखना
(स) संज्ञान (द) इनमें से कोई नहीं

According to Bandura the main basis of learning aggressive behaviour is -

(a) Modelling (b) Learning
(c) Cognitions (d) None of thee

27. अनुरूपता का प्रयोगात्मक प्रदर्शन किया है –

(अ) इविंग जेनिस (ब) सोलोमन एश ने
(स) मुजफ्फर शेरीफ ने (द) मिलग्राम ने

Experimental demonstration of conformity was done by -

(a) Ebbing Jenis (b) Soloman Asch
(c) Muzaffar Sherif (d) Milgram

28. सामाजिक समूह के निम्नलिखित किस प्रकार में सर्वाधिक एकता होती है ?

(अ) बाह्य समूह (ब) अर्न्तसमूह
(स) गतिशील समूह (द) इनमें से कोई नहीं

Which of the following type of social group enjoys more unity ?

(a) Out group (b) In group
(c) Mobile group (d) None of these

## खण्ड – ब

## Group – B

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type questions)

**प्रश्न सं0 १ से १० तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं ७ प्रश्नों के उत्तर दें । 7x3=21**

**Q. Nos. 1 to 10 are short answer type. Answer any 7 questions. 7x3=21**

1. मूल्यांकन की एक विधि के रूप में केस-अध्ययन का वर्णन करें ।

Describe case study as a method of assessment.

2. घटकीय वृद्धि का अर्थ बतलाऐं।

Give the meaning of componential intelligence.

3. स्व पर संस्कृति के पड़ने वाले प्रभावो का वर्णन करें।

Discuss the impact of culture on self.

4. तगड़ापन का अर्थ बतलाऐं

Give the meaning of hardiness.

5. असामान्यता की कुसमायोजी विचारधारा का सार बताऐं।

Present the theme of maladaptive view of abnormality.

6. विरूचि अनुबंधन क्या है ?

What is aversive conditioning ?

7. पूर्वाग्रह और विभेद में अन्तर स्पष्ट करें।

Make distinction between prejudice and discrimination.

8. समूह संघर्ष से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by group conflict ?

9. निर्धनता की संस्कृति क्या है ?

What is culture of poverty ?

10. विशिष्ट कौशल से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by specific skills ?

## खण्ड - स

## Group – C

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type questions)

**प्रश्न सं0 ११ से १५ दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर दें । 3x7=21**

**Q. Nos. 11 to 15 are long answer type. Answer any three questions. 3x7=21**

11. व्यक्ति की शारीरिक तंदुरूस्ती को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करें।

Discuss the factors that influence physical well-being of the person.

12. मानव-पर्यावरण की संबंध की व्याख्या करने के लिए विभिन्न संदर्भों का वर्णन करें ।

Describe the different perspectives for explaining human-environment relationship.

13. मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए एक योजना बनाऐं।

Outline a plan for rehabilitation of mentally ill person.

14. व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक कार्यों एवं स्वास्थ्य पर अल्कोहल के बुरे प्रभावों का वर्णन करें।

Describe the ill effects of alcohol on health and psychological functioning of the individual,

15. अभिक्षमता का मापन किस प्रकार किया जाता है?

Discuss how is aptitude measured.

# मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET-II का ANSWER

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective) :** **28x1=28**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. स | 2. द | 3. स | 4. द | 5. द | 6. स | 7. द |
| 8. स | 9. स | 10. स | 11. अ | 12. स | 13. द | 14. अ |
| 15. ब | 16. द | 17. ब | 18. द | 19. स | 20. स | 21. अ |
| 22. अ | 23. द | 24. ब | 25. द | 26. अ | 27. ब | 28. ब |

**लघु उत्तरीय Short answer) :** **7x3=21**

1. केस अध्ययन विधि में किसी एक व्यक्ति का उसके मनोसामाजिक एवं दैहिक वातावरण के आलोक में उसके मनोवैज्ञानिक गुणों का गहन रूप से विश्लेषण किया जाता है। इस विधि का उपयोग व्यक्तियों के मूल्यांकन में नैदानिक मनोवैज्ञानिकों द्वारा अधिक किया जाता है। इसके द्वारा महान पुरूषों के जीवन की अनुभूतियों से भी ज्ञान प्राप्त किया जाता है।

2. घटकीय बुद्धि स्टर्नबर्ग द्वारा प्रतिपादित त्रितंत्र सिद्धान्त का एक प्रकार है। इस प्रकार की बुद्धि में अमूर्त चिंतन करने तथा सूचनाओं को संसाधित करने की क्षमता सम्मिलित होती है। जिन व्यक्तियों में ऐसी बुद्धि अधिक होती है, वे विश्लेशणात्मक ढंग से एवं आलोचनात्मक ढंग से सोंचने में निपुण होते हैं।

3. स्व पर संस्कृति का स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। भारतीय संस्कृति में पलने वाले व्यक्त्यिों का स्व पश्चिमी संस्कृति में पलने वाले व्यक्त्यिों के स्व से भिन्न होता है। भारतीय संस्कृति में स्व एवं अन्य के बीच जो सीमा होती है, वह लचीली होती है जबकि पश्चिमी संस्कृति में ऐसी बात नहीं है।

4. तगड़ापन एक ऐसा शीलगुण है जिसमें तीन तरह के तत्वों अर्थातृ वचनबद्धता, नियंत्रण तथा चुनौती के गुणों का समुच्चय होता है। ऐसा व्यक्ति तनावपूर्ण परिस्थिति में भी बिना किसी बिमारी का लक्षण दिखाऐ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्मुख होता है।

5. असामान्यता के कुसमायोजी विचारधारा के अनुसार कोई भी व्यवहार असामान्य हो जाता है जब वह व्यक्ति के दिन–प्रतिदिन की जिन्दगी के समायोजन में बाधा पहुँचाता है। जैसे, यदि कोई छात्र परीक्षा से इतना अधिक चिंतित हो जाए कि उसकी भूख, प्यास, नींद सभी प्रभावित हो जाए तो यह व्यवहार असामान्य कहलाएगा।

6. विरूचि अनुबंधन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें अवांछित अनुक्रिया को किसी विरूचिकर परिणाम के साथ–साथ बार–बार साहचर्यित किया जाता है। जैसे, शराब पीने वाले व्यक्ति को शराब की बोतल सामने रखने के बाद बिजली का आघात देने के तुरंत बाद शराब पीने के लिए यदि कहा जाता है, तो यह एक विरूचि अनुबंधन का उदाहरण है।

7. पूर्वाग्रह सामान्यत: एक नाकारात्मक मनोवृत्ति होती है जो तथ्यों पर आधारित नहीं होती है। पूर्वाग्रह का संज्ञानात्मक तत्व प्राय: घृणा या नापसंदगी जैसे भावात्मक तत्व से घिरा रहता है। विभेद में व्यक्ति लक्ष्य व्यक्ति या वस्तु के प्रति कम धनात्मक ढंग से व्यवहार करता है। अर्थात् पूर्वाग्रह एक मनोवृति है जबकि विभेद पूर्वाग्रह की व्यवहारात्मक अभिव्यक्ति है।

8. जब व्यक्तियों के दो या दो से अधिक समूहों के बीच इस ढंग की अंत:क्रिया होती है जिसमें लोग किसी–न–किसी ढंग से एक दूसरे का विरोध करते हैं तथा एक दुर्लभ या असंगत लक्ष्यों की प्राप्ति करने के ए एक दूसरे पर सामाजिक सत्ता का उपयोग करते हैं, तो इसे समूह संघर्ष कहा जाता है।

9. गरीबों का एक ऐसा विश्वास तंत्र, रहने का ढंग तथा मूल्य होता है जिसमें उनका पालन–पोषण होता है। इस विश्वास तंत्र, आदि को गरीबी की संस्कृति कहा जाता है जो उन्हें यह सोचने के लिए बाध्य करता है कि कल भी वह गरीब ही रहेगा।

10. विशिष्ट कौशल से तात्पर्य वैसे निपुणताओं एवं क्षमताओं से होता है जो विशेष मनोवैज्ञानिक सेवा के लिए आवश्यक होती है। जैसे, नैदानिक परिस्थिति में कार्यरत मनोवैज्ञानिक को चिकित्सीय प्रविधियों, मनोवैज्ञानिक मापन, परामर्श आदि से संबद्ध क्षमताओं की जरूरत होती है जो एक विशिष्ट कौशल का उदाहरण होगा।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type)** **3x7=21**

11. मनोवैज्ञानिकों ने कुछ ऐसे कारकों की पहचान की है जो व्यक्ति की शारीरिक तुदंरूस्ती को प्रभावित करते हैं–

**(क) संज्ञान** – व्यक्ति किस प्रकार अपने शारीरिक लक्षणों, जैसे – सर्दी लगना, उल्टी होना आदि के प्रति सोंचता है या विश्वास रखता है, से उसकी शारीरिक तुदंरूस्ती काफी प्रभावित होती है।

**(ख) व्यवहार** – व्यक्ति जिस तरह का व्यवहार करता है तथा जिस तरह की जीवन–शैली को वह अपनाता है, उससे उसका स्वास्थ्य काफी हद तक प्रभावित होता है। जैसे, कुछ लोग धूम्रपान करते हैं। इससे उनकी तुदंरूस्ती पर एक निश्चित प्रभाव पड़ता है।

**(ग) सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारक :** कुछ सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारक भी होते हैं जिनसे व्यक्ति की शारीरिक अनुक्रियाऐं प्रभावित होती हैं और फिर उनसे तुदंरूस्ती भी प्रभावित होती है। जैसे, भारतीय संस्कृति में चेचक को किसी विशेष देवी माता का प्रकोप माना जाता है। अत: उस दवीं माता की पूजा–अर्चना करके इस रोग का उपचार करने का प्रयास किया जाता है। ऐसा उपचार करने मे व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित होने की उम्मीद अधिक रहती है।

12. मानव तथा पर्यावरण के बीच पारस्परिक संबंध होता है। अर्थात् पर्यावरण का मुनष्य पर प्रभाव पड़ता है तथा मनुष्य पर्यावरण को प्रभावित करता है। मानव–पर्यावरण के इस संबंध को जानने के लिए निम्न तीन प्रकार के संदर्भ का वर्णन किया गया है –

**(a) न्यूनतमवादी संदर्भ :** भौतिक पर्यावरण का प्रभाव मानव-व्यवहार पर कम से कम या न के बराबर पड़ता है। वास्तविकता यह है कि भौतिक पर्यावरण तथा मनुष्य दोनों ही दो समानांतर तत्व के रूप में अस्तित्व में होते हैं। अत: भौतिक वातावरण का प्रभाव मनुष्य के व्यवहार पर बिल्कुल ही नहीं पड़ता है।

**(b) साधनात्मक संदर्भ :** भौतिक वातावरण व्यक्ति को अपने सुख, आराम तथा कल्याण में सहायक होता है। जैसे, व्यक्ति, पहाड़, नदी आदि कुछ ऐसे तत्व हैं जिनका उपयोग कर मानव-सुख में वृद्धि की जाती है और मानव-जीवन आनंदमय होता है।

**(c) आध्यात्मिक संदर्भ :** यह इस बात पर बल डालता है कि भौतिक वातावरण कुछ ऐसी चीज होती है जिसका मानव जाति को आदर तथ उसका सम्मान करना चाहिए क्योंकि उसके पास कुछ अलौकिक शक्तियाँ होती हैं।

13. जब भी किसी मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्ति का उपचार किया जाता है, तो इस उपचार के दो उद्देश्य होते हैं- पहला रोग के लक्षण को दूर करना तथ दूसरा रोगी की जिन्दगी की गुणवत्ता को उन्नत बनाना । जब रोग का स्वरूप साधारण होता है तो उपचार के बाद रोग का लक्षण समाप्त हो जाता है। लेकिन यदि व्यक्ति में कोई गंभीर मानसिक रागेग उत्पन्न होता है तो उसके उपचार से धनात्मक लक्षण दूर हो जाते हैं परंतु ऋणात्मक लक्षण अभी भी बने रहते हैं। इनके लिए पुनर्वास की जरूरत होती है। पुनर्वास एक ऐसी विधि हे जिसका उद्देश्य व्यक्ति को संभावित सीमा तक समाज का एक उत्पादक सदस्य बनाना होता है ताकि व्यक्ति में आत्म-पर्याप्तता का गुण हो जाए और उसके जीवन की गुणवत्ता श्रेष्ठ हो जाए।

पुनर्वास में रोगी को अन्य बातों के अतिरिक्त निम्न तीन प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं -

**( क ) व्यावसायिक चिकित्सा** - इसमें रोगी को कुछ विशेष प्रकार का कौशल, जैसे मोमबत्ती बनाना, पेपर बैग बनाना आदि सिखलाया जाता है ताकि उनमें कार्य के प्रति लगाव आदि विकसित हो सके।

**( ख ) सामाजिक कौशल प्रशिक्षण** - इसमें रोगी में विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं को करके, अनुकरण तथा निर्देश आदि के माध्यम से उनमें अंतर्वेयक्तिक कौशल विकसित करने का प्रयास किया जाता है।

**( ग ) पेशेवर प्रशिक्षण** - इसके अन्तर्गत रोगी को पेशेवर प्रशिक्षण दिया जाता है । यहाँ रोगी को इतनी मात्रा में कौशल सिखला दिया जाता है कि वह अपने आपको कोई उत्तम पेशा में लगा सके।

14. अल्कोहल (शराब) में ईथाइल अल्कोहल होता है जो व्यक्ति का रक्त अपने में सोख लेता है और उसे सुषुम्ना तथा मस्तिष्क में पहुँचाता है जहाँ वह सुषम्ना तथा मस्तिष्क के कार्यों में दवाब देता है। अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि ईथाइल अल्कोहल मस्तिष्क के उस क्षेत्र को मंदित कर देता है जो निर्णय तथा अवरोध को नियंत्रित करता है। इसका परिणाम यह होता है कि व्यक्ति अधिक बातुनी तथा दोस्तानापूर्ण व्यवहार करने लगताा है। वह अधिक खुश नजर आता है तथा उसमें आत्म-विश्वास भी प्रबल हो जाता है। अल्कोहल धीरे-धीरे मस्तिष्क के अन्य भागों पर अपना प्रभाव डालने लगता है। ऐसे लोगों का वाक्-संभाषण अस्पष्ट हो जाता है। स्मृतिलोप उत्पन्न हो जाता है। कुछ व्यक्ति सांवेगिक एवं आक्रामक भी हो जाते हैं। इतना ही नहीं, ईथाइल अल्कोहल से शरीर में

पेशीय कठिनाइयाँ भी उत्पन्न होती है। इनका दृष्टि-प्रत्यक्षण सीमा हो जाता है, चलते समय लड़खड़ाते हैं, साधारण क्रियाओं को करने में मद्वापन दिखलाते हैं, सुनने में भी कठिनाई होती है। ऐसे लोगों को गाड़ी चलाने में भी दिक्कत होती है।

15. अभिक्षमता को मापने के लिए अभिक्षमता परीक्षण का उपयोग किया जाता है। अभिक्षमता परीक्षण दो प्रकार के हैं-

**( क ) स्वतंत्र अभिक्षमता परीक्षण** - यह विशिष्ट प्रकार के परीक्षण होते हैं जिनके माध्यम से किसी एक प्रकार की अभिक्षमता का मापन होता है। जैसे, लिपिकीय अभिक्षमता परीक्षण, यात्रिक अभिक्षमता परीक्षण, संख्यात्मक अभिक्षमता परीक्षण आदि।

**( ख ) बहु अभिक्षमता परीक्षण** - इसका निर्माण परीक्षणमाला के रूप में किया जाता है जिसके द्वारा समजातीय क्षेत्र में कई अलग-अलग अभिक्षमताओं का मापन होता है। डिफरेंशियल एप्टीव्यूड टेस्ट बैटरी, जेनेरल एप्टीच्यूट टेस्ट बैटरी, आर्मड सर्विसेज वोकेशनल एप्टीच्यूड टेस्ट बैटरी आदि बहु-अभिक्षमता परीक्षण के उदाहरण हैं। इन परीक्षणों का उपयोग बहु-अभिक्षमता मापन हेतु किया जाता है। इनमें से डैट काफी प्रचलित है जिनमें आठ स्वतंत्र उप-परीक्षण हैं -

- ❖ वाचीक तर्कणा (Verbal reasoning)
- ❖ आंकिक तर्कणा (Numerical reasoning)
- ❖ अमूर्त तर्कणा (Abstract reasoning)
- ❖ लिपिकीय गति एवं परिशुद्धता (Clerical speed and accuracy)
- ❖ स्थानिक संबंध (Spatial relation)
- ❖ यात्रिक तर्कणा (Mechanical reasoning)
- ❖ वर्तनी (Spelling)
- ❖ भाषा प्रयोग (Language usage)

⌘⌘⌘⌘⌘

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

## मनोविज्ञान (Psychology)

## Set – VII

# MODEL PAPER

## कक्षा - XII

## मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET – VII

## खण्ड - अ

## Group – A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective type questions)

**सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें ।** **28x1=28**

**Select the correct answer to each question :** **28x1=28**

1. सेवार्थी-परामर्शदाता का सम्बन्ध होता है -

(अ) सामाजिक आधार (ब) व्यवसायिक आधार

(स) राजनैतिक आधार (द) नैतिक आधार

Relationship between client and counsellor is -

(a) Social based (b) Commercial based

(c) Political based (d) Ethical based0

2. व्यवहार चिकित्सा की इनमें से कौन-सी तकनीक उपयोग में नहीं लाया जाता है ?

(अ) क्रमिक असंवेदीकरण (ब) फ्लडिंग

(स) मॉडलिंग (द) उद्‌बोधक चिकित्सा

Which type of technique is not used in behaviour therapy ?

(a) Systematic desensitization (b) Flooding

(c) Modeling (d) Logo therapy

3. सामान्यत: फोबिया के कितने⁄पकार हैं ?

(अ) 3 (ब) 4

(स) 2 (द) 5

How many types of Phobia are in general ?

(a) 3 (b) 4

(c) 2 (d) 5

4. इनमें कौन असामान्यता के सामाजिक कारण है -

(अ) जातीय या प्रजातीय भेदभाव (ब) आनुवंशिकता

(स) शारीरिक संरचना (द) उपर्युक्त सभी

Which is the social cause of abnormality ?

(a) Caste and racial discrimination (b) Heredity

(c) Constitution of body (d) All of the above

5. डाउन संलक्षण एक प्रकार का रोग है –

(अ) शारीरिक बीमारी (ब) चिन्ता विकृति

(स) प्रतिबल विकृति (द) मानसिक दुर्बलता

Down's syndrome is a type of -

(a) Physical disease (b) Anxiety disorder

(c) Stress disorder (d) Mental deficiency

6. प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक हंस सेली संबंधित है –

(अ) अभिप्रेरकों के संघर्ष के क्षेत्र में (ब) तनाव के अध्ययन के क्षेत्र में

(स) समाजीकरण के अध्ययन के क्षेत्र में (द) इनमें से किसी भी क्षेत्र में नहीं

A famous psychologist Hans Selye is associated with the -

(a) Field of conflict of motives (b) Field of study of stress

(c) Field of study of socialization (d) None of these fields

7. तनाव उत्पन्न करने वाले कारक को कहते हैं –

(अ) अनुकरण (ब) प्रतिबल

(स) प्रत्याहार (द) प्रतिगमन

The factor originality stress is -

(a) Imitation (b) Stressor

(c) Withdrawal (d) Regression

8. मिनेसोटा बहुपक्षीय व्यक्तित्व सूची (एम. एम. पी. आई.) का निर्माण किया –

(अ) हाथावे (ब) मैकिन्ले

(स) बुचर (द) अ एवं ब दोनों

MMPI was developed by -

(a) Hathaway (b) McKinley

(c) Butcher (d) Both a and b

9. टाईप 'ए' व्यक्तित्व का प्रतिपादन किसने किया ?

(अ) फ्रीडमैन एवं रोजेनमैन (ब) फ्रायड एवं एडलर

(स) आलपोर्ट एवं लेविन (द) मोरिस एवं रोजर्स

Who has invented type 'A' Personality ?

(a) Friedman & Rosenman (b) Freud & Adler

(c) Allport & Lewin (d) Morris & Rogers

10. स्टेनबर्ग के अनुसार बुद्धि की श्रेणी है -

(अ) 8 (ब) 5

(स) 4 (द) 3

According to Stenberg the category of intelligence are -

(a) 8 (b) 5

(c) 4 (d) 3

11. बिने साइमन परीक्षण माप है -

(अ) मनोवृति (ब) अभिरूचि

(स) बुद्धि (द) व्यक्तित्व

Binet Simon test is a measure of -

(a) Attitude (b) Interest

(c) Intelligence (d) Personality

12. अनौपचारिक समूह की इनमें से कौन-सी विशेषता है ?

(अ) हम की भावना (ब) विशेष नियम

(स) औपचारिक संबंध (द) उपर्युक्त सभी

Which one is the characteristic of informal group ?

(a) We feeling (b) Special rule

(c) Formal relationship (d) All the above

13. मनोचिकित्सा का उद्देश्य है -

(अ) रचनात्मक समायोजन (ब) विध्वंसात्मक समायोजन

(स) जीवन-शैली के सुधार में सहायता करना (द) अ एवं स दोनों

The purpose of psychotherapy is -

(a) Constructive adjustment (b) Destructive adjustment

(c) To help improve life style (d) Both 'a' and 'c'

14. आइजेक व्यक्तित्व प्रश्नावली (ई०पी०क्यू०) से मापन नहीं होता है -

(अ) सांवेगिक स्थिरता-अस्थिरता (ब) अन्तर्मुखता-बहिर्मुखता

(स) समाज विरोधी व्यक्तित्व (द) मनोविकृति

E.P.Q. does not measure -

(a) Emotional stability instability (b) Introversion-Extroversion

(c) Anti-social personality (d) Psychoticism

15. जीवन मूलप्रवृति के संप्रत्यय का प्रतिपादन किया –

(अ) युंग | (ब) एडलर
(स) वाटसन | (द) फ्रायड

Concept of life-instinct is propounded by -

(a) Jung | (b) Adler
(c) Watson | (d) Freud0

16. कथानक संप्रत्यक्षण परीक्षण के निर्माता कौन हैं ?

(अ) एडलर | (ब) रोर्शाक
(स) मरै एवं मार्गन | (द) कैन हार्नी एवं युंग

Who propounded the Thematic Apperception test ?

(a) Adler | (b) Rorschach
(c) Murray & Margan | (d) Karen Horney & Jung

17. परामर्शदाता के कौशल की व्याख्या कौन नहीं है ?

(अ) सेवार्थी की चिन्ता | (ब) सेवार्थी की समस्या
(स) सेवार्थी की आवश्यकता | (द) सेवार्थी की शिक्षा

Which is not the explanation of the skill of a counsellor ?

(a) Anxiety of the client | (b) Problem of the client
(c) Need of the client | (d) Education of the client

18. क्रियात्मक परीक्षण उपयोगी है –

(अ) बालकों के लिये | (ब) निरक्षरों के लिये
(स) गूंगे बहरों के लिए | (द) सभी के लिये

Performance tests are useful for -

(a) For children | (b) For illiterates
(c) For deaf and dumb | (d) For all

19. समायोजन संभव है यदि –

(अ) प्रेरकों में संघर्ष कम हो | (ब) उद्देश्यों में अधिकाधिक संगठन हो
(स) दुखद स्थिति का सामना करने की क्षमता हो | (द) उपरोक्त सभी

Adjustment is possible if -

(a) Less conflicted motivation | (b) More organised objectives
(c) Capability to face difficult situation | (d) All the above

20. डी.एस.एम. चतुर्थ का प्रकाशन हुआ -

(अ) 1950 (ब) 1965

(स) 1990 (द) 1994

DSM IV was published in -

(a) 1950 (b) 1965

(c) 1990 (d) 1994

21. किसी अनुचित आदत पर बल देना कहा जाता है -

(अ) नम्यता (ब) स्थिरीकरण

(स) दमन (द) प्रतिगमन

Insisting on some undesirable habits is called -

(a) Flexibility (b) Fixation

(c) Repression (d) Regression

22. एक व्यक्ति समस्या के समाधान के लिये बचकाना व्यवहार करता है, उसे कहा जायेगा -

(अ) शमन (ब) रूपान्तरण

(स) उन्नयन (द) प्रतिगमन

A person exhibits infantile behaviour to solve the problem. It would be called -

(a) Suppression (b) Conversion

(c) Sublimation (d) Regression

23. बर्नआउट परिणाम है -

(अ) चिन्ता (ब) प्रतिबल

(स) दीर्घकालिक प्रतिबल (द) इनमें से कोई नहीं

Burnout is the result of -

(a) Anxiety (b) Stress

(c) Chronic stress (d) None of these

24. सार्वजनिक स्थान दुर्भीति को कहा जाता है -

(अ) विशिष्ट भय (ब) एगोराफोबिया

(स) सामाजिक दुर्भीति (द) इनमें से कोई नहीं

Public place phobia is known as -

(a) Specific fear (b) Agoraphobia

(c) Social phobia (d) None of these

25. बुद्धि-लब्धि को कौन सूत्र मापता है ?

(अ) वास्तविक आयु/मानसिक आयु × 100 (ब) मानसिक आयु × वास्तविक आयु × 100

(स) मानसिक आयु/वास्तविक आयु × 100 (द) 100/वास्तविक आयु × मानसिक आयु

Which formula measure I.Q. ?

(a) $\frac{C.A.}{M.A.} \times 100$ (b) M.A. x C.A. x 100

(c) $\frac{M.A}{C.A.} \times 100$ (d) $\frac{100}{C.A.} \times M.A.$

26. इनमें से कौन प्रक्षेपी परीक्षण नहीं है ?

(अ) रोर्शाक परीक्षण (ब) टी.ए.टी. परीक्षण

(स) सोलह व्यक्तित्व कारक परीक्षण (द) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following is not a projective test ?

(a) Rorschach test (b) TAT test

(c) 16 Factor Personality test (d) None of thee

27. निम्नांकित में कौन स्व का भावात्मक पहलू है ?

(अ) आत्म संप्रत्यय (ब) आत्म सम्मान

(स) आत्म सक्षमता (द) इनमें से कोई नहीं

Which one is effective aspect of self ?

(a) Self concept (b) Self esteem

(c) Self efficacy (d) None of these

28. यदि चिन्ता दीर्घकालिक, अति तीव्र और कारण अस्पष्ट है तो उस कहते हैं -

(अ) सामान्य चिन्ता (ब) विशिष्ट भय

(स) सामान्यीकृत चिन्ता विकृति (द) मनस्ताप

If anxiety is long time, severe and its cause is unclear, it is called -

(a) Normal anxiety (b) Specific fear

(c) Generalized anxiety disorder (d) Neurosis

## खण्ड - ब

## Group – B

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type questions)

**प्रश्न सं0 १ से १० तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं ७ प्रश्नों के उत्तर दें । 7x3=21**

**Q. Nos. 1 to 10 are short answer type. Answer any 7 questions. 7x3=21**

1. बुद्धि के अशाब्दिक या अवाचिक परीक्षण का अर्थ बतलावें।

Give the meaning of non-verbal test of intelligence.

2. जीवन कौशल का अर्थ बतलावें।

Give the meaning of life skills.

3. उन्माद का अर्थ बतलावें।

Give the meaning of maia.

4. छवि निर्माण का अर्थ बतलावें।

Give the meaning of impression formation.

5. जनसंकुलन का अर्थ बतलावें।

Give the meaning of crowding.

6. स्वभाविक प्रेक्षण से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by naturalistic observation ?

7. पर्यावरण मनोविज्ञान को परिभाषित करें।

Define environmental psychology.

8. मॉडलिंग का अर्थ बतलावें।

Give the meaning of Modeling.

9. व्यक्तित्व की परिभाषा दें।

Give the definition of Personality.

10. मनोवैज्ञानिक परीक्षण को परिभाषित करें।

Define Psychological Test.

## खण्ड – स

## Group – C

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type questions)

**प्रश्न सं0 ११ से १५ दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर दें । 3x7=21**

**Q. Nos. 11 to 15 are long answer type. Answer any three questions. 3x7=21**

11. मनश्चिकित्सा में सम्मिलित नैतिक सिद्धान्तों का वर्णन करें।

Describe the ethical principles involved in psychotherapy.

12. मनोवृत्ति परिवर्तन को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करें।

Describe the factors that influence attitude change.

13. रोर्शाक परीक्षण क्या है ?

What is Rorschach Test ?

14. प्राकृतिक विपदा के विध्वंसकारी प्रभावों को कम करने के उपाय क्या हैं ?

What are the ways of reducing the devastating consequences of natural disaster ?

15. दुर्भीति के प्रमुख प्रकारों के लक्षण बतलावें।

Point out the symptoms of major types of Phobia.

# मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET-VII का ANSWER

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective) :** **28x1=28**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. द | 2. द | 3. अ | 4. अ | 5. द | 6. ब | 7. ब |
| 8. द | 9. अ | 10. द | 11. स | 12. अ | 13. द | 14. स |
| 15. द | 16. स | 17. द | 18. द | 19. द | 20. द | 21. ब |
| 22. द | 23. स | 24. ब | 25. स | 26. स | 27. ब | 28. स |

**लघु उत्तरीय Short answer) :** **7x3=21**

1. अशाब्दिक या अवाचिक बुद्धि परीक्षण वैसे बुद्धि परीक्षण को कहा जाता है जिसके एकांश या कथन शाब्दिक नहीं होते हैं। इसके एकांशों के माध्यम से एक चित्र उपस्थित किए जाते हैं और उसी से संबंधित कुछ प्रश्न होते हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के आधार पर व्यक्ति की बुद्धि मापी जाती है। रैभेन प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज अशाब्दिक बुद्धि परीक्षण का उत्तम उदाहरण है।

2. जीवन कौशल का तात्पर्य वातावरण के साथ धनात्मक तथा अनुकूली व्रूवहार करने की क्षमता से होता है। जिसके कारण व्यक्ति एक प्रभावी समायोजन कर पाता है। जीवन कौशल में मुख्य रूप से समय-प्रबंधन, तार्किक चिन्तन, घटिया आदतों पर नियंत्रण, आत्म देख-रेख, स्थाग्रह आदि प्रमुख रूप से आते हैं।

3. उन्माद विकार एक बहुत ही कम होने वाला मनोदशा या भाव दशा विकार है। जिन व्यक्तियों में यह विकार हो जाता है, वे अत्यधिक उत्तेजित रहते हैं, वे बातें अधिक करते हैं तथा उनका ध्यान अधिक विचलित होता है। ऐसे व्यक्ति उल्लासोन्मादी होते हैं। प्राय: उन्माद की घटना विषाद या अवसाद के साथ-साथ दल-बदल कर होता है।

4. छवि निर्माण सामाजिक संज्ञान का एक महत्वपूर्ण पहलू है। छवि निर्माण एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे प्रत्यक्षकर्ता लक्ष्य व्यक्ति के बारे में सूचनाओं को संग्रह करता है, संगठित करता है तथा उनका विश्लेषण करके लक्ष्य व्यक्ति के बारे में एक विशेष छवि का निर्माण कर किसी निष्कर्ष पर पहुँचता है।

5. जनसंकुलन भीड़ से भिन्न होता है। इससे तात्पर्य एक ऐसी मनोवैज्ञानिक भाव से होती है जिसमें व्यक्ति को यह महसूस होता है कि उसके पास अत्यन्त कम जगह है अर्थात् उसे अतिसंकीर्णता का प्रत्यक्षण होता है। वास्तव में, जनसंकुलन एक नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया है जो व्यक्ति में तनाव, दुश्चिंता एवं चिड़चिड़ापन उत्पन्न करने वाला होता है।

6. स्वभाविक प्रेक्षण में प्रेक्षक या मनोवैज्ञानिक एक दी गई परिस्थिति में लोग किस ढंग का व्यवहार करते हैं के बारे में ज्ञान प्राप्त करता है। इससे प्रेक्षण स्वभाविक परिस्थिति में किया जाता है।

7. मनोविज्ञान के जिस शाखा में मानव पर्यावरण अंतक्रियाओं के मनोवैज्ञानिक पक्षों का अध्ययन किया जाता है, उसे पर्यावर्णी मनोविज्ञान कहा जाता है। दूसरे शब्दो में, पर्यावर्णी मनोविज्ञान व्यवहार तथा निर्मित एवं स्वभाविक पर्यावरण के अन्तरसंबंध का अध्ययन करने वाला विज्ञान है।

8. मॉडलिंग अधिगम की एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति दूसरों के व्यवहारों को मात्र प्रेक्षण करके तथा उसका नकल करके अनुक्रियाओं को करना सीख लेता है।

9. व्यक्तित्व व्यक्ति के भीतर उन मनोशारीरिक गुणों का गतिशील या गत्यात्मक संगठन है, जो वातावरण में उसके अपूर्व समायोजन को निर्धारित करते हैं।

10. मनोवैज्ञानिक परीक्षण एक ऐसा मानकीकृत विधि होता है जिसके द्वारा व्यक्ति के एक या एक से अधिक मनोवैज्ञानिक गुणों का गुणात्मक ढंग से या परिमाणात्मक ढंग से कुछ शाब्दिक या अशाब्दिक प्रतिक्रियाओं के माध्यम से मापन होता है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type)** **3x7=21**

11. मनोचिकित्सा में मनोवैज्ञानिक विधियों से रोगी के सांवेगिक एवं मानसिक समस्याओं का समाधान एक चिकित्सक की मदद से की जाती है। चिकित्सा के दौरान या उसके बाद रोगी को किसी प्रकार की कोई क्षति न हो इसके लिए कुछ नैतिक नियमों का निर्माण विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। ऐसे नैतिक नियम मुख्य रूप से निम्नांकित हैं–

(क) चिकित्सक में पर्याप्त पेशेवर सामर्थ्यता तथा कौशल होना चाहिए। यह नियम इस बात पर बल डालता है कि चिकित्सक अपनी सामर्थ्यता की सीमा तथा अपने द्वारा उपयोग किए गए प्रविधियों की सीमाओं को भली प्रकार से पहचानते हों।

(ख) चिकित्सक रोगी की सेवा करते समय उनसे कुछ महत्वपूर्ण सूचनाएँ प्राप्त करते हैं जिनकी गोपनीयता उन्हें बनाकर रखना होता है। रोगी के बगैर अनुमति के इन सूचनाओं को किसी दूसरे को प्रदान नहीं करना होता है।

(ग) चिकित्सक इसकी भरपूर कोशिश करता है कि रोगी के व्यक्तिगत व्यथा या दुःख हर हालत में कम हो जाए। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु वह अपनी सारी तकनीकों का सहारा लेता है।

(घ) चिकित्सक इस बात की भरपूर कोशिश करते हैं कि रोगी के साथ उनका संबंध अखंडता अक्षुण्ण हो।

इस प्रकार स्पष्ट है कि मनश्चिकित्सा के कुछ नैतिक नियम है, जिनका पालन चिकित्सक तथा रोगी दोनों को ही करना पड़ता है।

12. मनोवृति संज्ञानात्मक, भावनात्मक तथा व्यवहारपरक तत्वों का एक तंत्र होता है। मनोवृति निर्माण से तात्पर्य किसी वस्तु के प्रति प्रतिकूल या अनुकूल मनोवृति विकसित करने से होता है। समाज मनोवैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि मनोवृति परिवर्तन कई तरह के कारकों द्वारा प्रभावित होता है, जो निम्नांकित हैं –

**(क) मौजूदा मनोवृति की विशेषताएँ** – वर्तमान मनोवृति की कुछ ऐसी विशेषताएँ होती है जिससे मनोवृति परिवर्तन प्रभावित होता है। जैसे मनोवृति में संगत परिवर्तन अर्थात् अनुकूल से अधिक अनुकूल या प्रतिकूल से और अधिक प्रतिकूल होना हो तो असंगत परिवर्तन अर्थात् अनुकूल से प्रतिकूल या प्रतिकूल से अनुकूल की अपेक्षा जल्द परिवर्तित होता है।

**(ख) स्त्रोत की विशेषताएँ** – स्त्रोत से तात्पर्य सूचना देने वाले व्यक्ति से होता है। अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि यदि कोई व्यक्ति को विश्वसनीय स्त्रोत से सुचना मिलती है तो उससे मनोवृति परिवर्तन में आसानी होती है। उसी तरह से स्त्रोत के आकर्षक होने पर भी मनोवृति में परिवर्तन आसानी से हो जाता है।

**(ग) लक्ष्य की विशेषताएँ** – लक्ष्य से यहाँ तात्पर्य उस व्यकित से होता है जिसकी मनोवृति में परिवर्तन लाना होता है। तीव्र बुद्धि के व्यक्ति की मनोवृति में परिवर्तन कम बुद्धि के व्यक्ति की मनोवृति की अपेक्षा कठिन होता है। उसी तरह से कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जिनमें आत्म-विश्वास तथा आत्म सम्मान अधिक होता है, ऐसे लोगों के मनोवृति में भी परिवर्तन लाना काफी मुश्किल होता है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि मनोवृत्ति में परिवर्तन कई कारकों द्वारा उत्पन्न किया जाता है।

13. रोर्शाक परीक्षण का निर्माण हरमान रोर्शाक द्वारा 1911-1912 में किया गया तथा इसका प्रथम प्रकाशन 1921 में किया गया। इसमें 10 कार्ड होते हैं जिन पर स्याही के धब्बे के समान चित्र बने होते हैं। प्रत्येक धब्बा एक उजला कार्ड बोर्ड के बीच में छपा होता है। इस 10 कार्ड में से 5 श्याम एवं श्वेत में, 2 श्वेत श्याम के अतिरिक्त कुछ लाल रंग में तथा बाकी 3 कार्ड पैस्टल रंग में छपे होते हैं। सभी 10 कार्डों का क्रियान्वयन वैयक्तिक रूप से दो सत्रों में किया जाता है। पहला सत्र को निष्पादन खास कहा जाता है जिसमें व्यक्ति को एक-एक कर कार्ड दिए जात हैं और उनसे यह बतलाने के लिए कहा जाता है कि वे कार्ड में क्या देखते हैं। दूसरे सत्र को जाँच कहा जाता है, जिसमें पहले सत्र में दिए गए अनुक्रियाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त करने की कोशिश की जाती है। इसमें 'कहाँ', 'कैसे' तथा 'किस' आधार पर अनुक्रिया दी गई, के बारे में जानने की कोशिश की जाती है। इसका विश्लेषण करके फिर व्यक्तित्व की विशेषताओं या शीलगुणों के बारे में किसी निष्कर्ष पर पहुँचा जाता है। जैसे, रंग संबंधी अनुक्रियाओं की अधिकता से व्यक्ति की संवेगशीलता या उसके भावनात्मक शीलगुणों का पता चलता है। गति अनुक्रियाओं की अधिकता से कल्पना शक्ति का परिचय मिलता है।

14. प्राकृतिक विपदा से तात्पर्य वैसी तनावपूर्ण अनुभूतियों से होता है जो प्राकृतिक वातावरण में क्षुब्धता के कारण उत्पन्न होता है। विपदा व्यक्ति की जिन्दगी एवं संपत्ति आदि को तहस-नहस कर काफी क्षति पहुँचाता है। प्राकृतिक विपदा के कुप्रभावों को कम करने के लिए समान मनोवैज्ञानिकों के द्वारा कुछ सार्थक प्रयास बतलाये हैं जो निम्नलिखित हैं –

**(क) चेतावनी** – सरकार लोगों को चेतावनी देकर प्राकृतिक विपदा के पड़ने वाले प्रभावों को प्राय: कम करने की कोशिश करती है। जैसे रेडियो या दूरदर्शन के माध्यम से प्रभावित होने वाले जगहों के बारे में पूर्व सूचना प्रदान कर दी जाती है। जिससे लोग सचेत हो जाते हैं।

**(ख) सुरक्षात्मक उपाय** – विभिन्न उपायों के बारे में लोगों को जानकारी देकर विपदा को कम करने की कोशिश की जाती है। जैसे आगजनी से बचने के लिए क्या-क्या उपाय हो सकते हैं आदि जैसे जानकारी देकर विपदा के पड़ने वाले प्रभाव को निम्न करने की कोशिश की जाती है। इसके लिए विपदा प्रबंधन की विशेष कक्षा का संचालन भी किया जाता है।

**(ग) आत्म मदद उपागम** – इसके तहत प्रभावित लोगों में अनाज, कपड़ा, दवाई तथा रूपया की मदद करके उनके जोखिम को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। इस सिलसिले में सरकार तथा गैर-सरकारी संस्थान दोनों ही काफी सक्रिय होकर भाग लेते हैं।

अत: कहा जा सकता है कि समाज मनोवैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक महाविपदा के प्रभावों को नियंत्रित करने के बहुत सारे उपायों का वर्णन किया गया है जो काफी लाभप्रद है।

15. दुर्भीति में व्यक्ति किसी ऐसे विशिष्ट वस्तु या परिस्थिति से सतत् एवं असंतुलित मात्रा में डरता है जो वास्तव में व्यक्ति के लिए खतरनाक नहीं होता है। किसी भी असंगत डर को दुर्भीति कहलाने के लिए यह आवश्यक है कि उससे व्यक्ति का समायोजन कुप्रभावित होता है। जैसे, जिस व्यक्ति में चूहा से दुर्भीति उत्पन्न हो गया है, वह उस जगह में नहीं जा सकता है जहाँ चूहा हो। वास्तव में चूहा ऐसा कोई शक्तिशाली जीव नहीं है जो व्यक्ति को खतरा उत्पन्न करे। परन्तु फिर भी व्यक्ति उससे असंतुलित मात्रा में डरता है। दुर्भीति के मुख्य तीन प्रकार होते हैं, जो निम्नलिखित हैं –

**(क) विशिष्ट दुर्भीति** – इसमें एक ऐसा असंगत डर होता है, जो विशिष्ट वस्तु या परिस्थिति की उपस्थिति या उसके अनुमान मात्र से ही उत्पन्न होता है। जैसे – साइनोफोबिया एक विशिष्ट दुर्भीति का उदाहरण है जिसमें व्यक्ति कुत्ता से डरता है।

**(ख) एगोराफोबिया** – अकेले घर से बाहर किसी सार्वजनिक या आम स्थान पर जाने या भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने का विवेकरहित भय को एगोराफोबिया कहा जाता है। ऐसे व्यक्ति को किसी तरह ऐसा विश्वास हो जाता है कि ऐसे स्थल पर किसी तरह की घटना या दुर्घटना होने पर न तो कोई बचाव संभव है और न ही कोई बचाने के लिए ही आ सकता है।

**(ग) सामाजिक दुर्भीति** – वैसे दुर्भीति को कहा जाता है जिसमें व्यक्तियों को अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति का सामना करना पड़ता है। व्यक्ति को ऐसी परिस्थिति में यह डर बना रहता है कि लोग उसका मूल्यांकन करेंगे। फलत: वह ऐसी परिस्थितियों से दूर हटना चाहता है तथ वह चिन्तित एवं घबराया हुआ नजर आता है।

इस प्रकार उपर्युक्त तीनों दुर्भीति के प्रमुख प्रकार हैं।

⌘⌘⌘⌘⌘

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला**

## मनोविज्ञान (Psychology)

## Set – VIII

# MODEL PAPER

## कक्षा - XII

## मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET – VIII

### खण्ड - अ

### Group – A

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective type questions)**

**सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें ।** **28x1=28**
**Select the correct answer to each question :** **28x1=28**

1. मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति रहता है –
   (अ) जंगल में (ब) पहाड़ पर
   (स) यथार्थ की दुनिया में (द) होटल में
   Mentally healthy person resides -
   (a) In the forests (b) On the hills
   (c) In real world (d) In hotel

2. सृजनात्मकता की पहचान होती है –
   (अ) पुराने व्यवहार से (ब) चित्रकला से
   (स) संगीत से (द) नवीन परिणाम से
   Creativity is identified by -
   (a) Old behaviour (b) Drawing
   (c) Music (d) New result

3. लोगो चिकित्सा को किसने प्रतिपादित किया ?
   (अ) मास्लो (ब) रोजर्स
   (स) फ्रायड (द) विक्टर फ्रेंकल
   By whom was Logo therapy invented ?
   (a) Maslow (b) Rogers
   (c) Freud (d) Victor Frankl

4. कार्ल युंग के मनोविज्ञान को कहा जाता है –
   (अ) विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान (ब) गत्यात्मक मनोविज्ञान
   (स) मानवतावादी मनोविज्ञान (द) वैयक्तिक मनोविज्ञान

The Psychology of Carl Jung is called -

(a) Analytical Psychology (b) Dynamic Psychology

(c) Humanistic Psychology (d) Individual Psychology

5. निम्नांकित में से कौन मनोविदालिता का प्रकार है ?

(अ) दुर्भीति (ब) कैटेटोनिक

(स) मनोग्रस्ति बाध्यता विकार (द) मनोविच्छेदी आत्म विस्मृति

Which of the following is a type of Schizophrenia ?

(a) Phobia (b) Catatonic

(c) Obsessive-compulsive disorder (d) Dissociative fugue

6. बुद्धि के विषय पर शोध करने वाले पहले मनोवैज्ञानिक थे -

(अ) स्पीयरमैन (ब) थॉमसन

(स) गिलफोर्ड (द) बिने

Who has the first psychologist, did his research on intelligence ?

(a) Spearman (b) Thompson

(c) Guilford (d) Binet

7. स्मृति क्षमता को किसने बुद्धि का एक कारक माना है ?

(अ) जेन्सन (ब) स्पीयरमैन

(स) थर्स्टन (द) गिलफोर्ड

Who has accepted that memory ability is a factor of intelligence ?

(a) Jensen (b) Spearman

(c) Thurstone (d) Guilford

8. बैडवैगन प्रभाव किसका एक कारण है ?

(अ) समूह समग्रता का (ब) समूह मानक का

(स) समूह ध्रुवीकरण का (द) समूह सोच का

Bandwagon effect is a cause of -

(a) Cohesiveness (b) Group norm

(c) Group polarization (d) Group think

9. उत्पीड़न भ्रमाशक्ति एक लक्षण है -

(अ) पैरानोइया विकृति (ब) विच्छेदी विकार

(स) चिन्ता विकृति (द) कायारूप विकार

Delusion of persecution is a symptom of :

(a) Paranoia disorder (b) Dissociative disorder

(c) Anxiety disorder (d) Somatoform disorder

10. दबाव प्रतिरोधी व्यक्तित्व ने कौन सी विशेषता नहीं पायी जाती है ?

(अ) दुश्चिंता (ब) प्रतिबद्धता

(स) चुनौती (द) नियंत्रण

Which characteristics is not found in stress resistant personality ?

(a) Anxiety (b) Commitment

(c) Challenge (d) Control

11. थर्स्टन के अनुसार बुद्धि में कितनी प्राथमिक मानसिक योग्यताएँ उपस्थित होती है ?

(अ) 5 (ब) 6

(स) 7 (द) 8

According to Thurston, how many primary mental abilities are present in intelligence

(a) 5 (b) 6

(c) 7 (d) 8

12. निम्नलिखित में से कौन मनोविक्षिप्तता विकृति नहीं है ?

(अ) मनोविदालिता विकृति (ब) पैरानोइया विकृति

(स) उत्साह विषाद विकृति (द) चिन्ता विकृति

Which of the following is not a psychoses disorder ?

(a) Schizophrenia disorder (b) Paranoia disorder

(c) Manic depressive disorder (d) Anxiety disorder

13. निम्नांकित में से कौन नैतिकता का नियम से निर्देशित होता है ?

(अ) उपाहं (ब) पराहं

(स) अहं (द) इनमें से सभी

Which one is directed by morality principle ?

(a) Id (b( Super ego

(c) Ego (d) All of these

14. जिन व्यक्तियों की बुद्धि-लब्धि 120 से 130 के बीच होती है, उन्हें कहते हैं -

(अ) श्रेष्ठ (ब) मूढ़

(स) औसत (द) जड़

Individuals whose I.Q. scores range between 120 to 130 are called -

(a) Superior (b) Moron

(c) Average (d) Idiot

15. द्वि–ध्रुवीय विकृति के दो ध्रुव हैं –

(अ) तर्कसंगत तथा अतर्कसंगत विचार
(ब) मनोग्रस्ति तथा बाध्यता
(स) स्नायुविकृति तथा मनोविकृति
(द) उन्माद तथा विषाद

The two poles of bi-polar disorder are -

(a) Logical and illogical thought
(b) Obsessive and compulsive
(c) Neurosis and psychosis
(d) Manic and depressive

16. टी.ए.टी. व्यक्तित्व मापन एक प्रकार का परीक्षण है –

(अ) कागज पेंसिल जाँच
(ब) प्रश्नावली
(स) आत्म विवरण आविष्कारिका
(द) प्रक्षेपी

TAT personality measurement is a type of -

(a) Paper pencil test
(b) Questionnaire
(c) Self-report inventory
(d) Projective

17. रोजर्स ने अपने व्यक्तित्व सिद्धान्त में बल दिया है –

(अ) आवश्यकता को
(ब) अचेतन को
(स) अधिगम को
(द) आत्म को

Rogers has emphasized in his personality theory to -

(a) Need
(b) Unconscious
(c) Learning
(d) Self

18. किस वर्ष बुद्धि का पास मॉडल विकसित हुआ ?

(अ) 1975
(ब) 1994
(स) 1954
(द) 2000

In which year was PASS Model of Intelligence developed ?

(a) 1975
(b) 1994
(c) 1954
(d) 2000

19. इनमें से कौन क्रियात्मक परीक्षण है ?

(अ) ब्लॉक डिजाइन परीक्षण
(ब) बिने परीक्षण
(स) अभिक्षमता परीक्षण
(द) जोशी परीक्षण

Which one of the following is a performance test ?

(a) Block Design Test
(b) Binet Test
(c) Aptitude Test
(d) Joshi Test

20. व्यवसाय संगठन एक उदाहरण है –

(अ) प्राथमिक समूह (ब) औपचारिक समूह

(स) अनौपचारिक समूह (द) इनमें से कोई नहीं

Business organization is an example -

(a) Primary group (b) Formal group

(c) Informal group (d) None of these

21. सड़क, बाँध आदि उदाहरण है –

(अ) पर्यावरण (ब) निर्मित पर्यावरण

(स) प्राकृतिक पर्यावरण (द) इनमें से कोई नहीं

Road, Dam etc. are example -

(a) Environment (b) Built environment

(c) Natural environment (d) None of thee

22. मनोदैहिक शीलगुणों के गत्यात्मक संगठन के रूप में व्यक्तित्व को किसने परिभाषित किया ?

(अ) वाटसन (ब) लेविन

(स) आलपोर्ट (द) फ्रायड

Who defined personality as a dynamic organization of psychophysical traits ?

(a) Watson (b) Lewin

(c) Allport (d) Freud

23. रोर्शाक स्याही धब्बा परीक्षण में कार्डों की संख्या कितनी है ?

(अ) तीन (ब) पाँच

(स) सात (द) दस

How many cards are there in Rorschach Ink Blot test ?

(a) Three (b) Five

(c) Seven (d) Ten

24. निम्नलिखित में से कौन द्वितीयक समूह नहीं है ?

(अ) राजनैतिक दल (ब) औद्योगिक संगठन

(स) परिवार (द) 'अ' और 'ब' दोनों

Which one of the following is not a secondary group ?

(a) Political party (b) Industrial organization

(c) Family (d) Both 'a' and 'b'

25. यदि रोगी में अत्यधिक उदासी एवं खिन्नता होती है तो उसे क्या कहेंगे ?

(अ) प्रतिबल (ब) चिन्ता

(स) भय (द) विषाद

In a patient has extra ordinary sadness and dejection, then it is called -

(a) Stress (b) Anxiety
(c) Fear (d) Depression

26. व्यक्ति से व्यक्ति के संवाद करने की प्रक्रिया है –

(अ) सम्प्रेषण (ब) ग्राह्यता
(स) प्रभावकर्ता (द) संचारकर्ता

The process of transfer of meaning from one person to another is called -

(a) Communication (b) Receptor
(c) Effector (d) Communication

27. फ्रायड के अनुसार मन के गत्यात्मक मॉडल है –

(अ) चेतन, अवचेतन (ब) अचेतन, चेतन
(स) पराहम्, अहम् (द) अ एवं ब दोनों

According to Freud the dynamic models of mind are -

(a) Conscious, Subconscious (b) Unconscious, Conscious
(c) Super ego, Ego (d) a and b both

28. 'पतंजलि' के प्रसिद्ध योग-सूत्र में योग के मार्ग हैं –

(अ) 6 (ब) 4
(स) 8 (द) 5

The famous Yoga Sutra of Patanjali consisted of paths of yoga -

(a) 6 (b) 4
(c) 8 (d) 5

## खण्ड - ब

## Group – B

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type questions)

**प्रश्न सं0 १ से १० तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं ७ प्रश्नों के उत्तर दें । 7x3=21**

**Q. Nos. 1 to 10 are short answer type. Answer any 7 questions. 7x3=21**

1. आत्म-सक्षमता से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by Self-efficacy ?

2. टोकन अर्थव्यवस्था क्या है ?

   What is Token Economy ?

3. समूह की परिभाषा दें।

   Give the definition of group.

4. सामाजिक अनन्यता से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by social identity ?

5. परामर्श में नैतिक सिद्धान्त क्या होता है ?

What do you mean by ethical principles in counselling ?

6. निर्धनता की संस्कृति से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by culture of poverty ?

7. आनुभविक बुद्धि क्या है ?

What is experiential intelligence ?

8. स्कीमा का अर्थ बतलावें।

Give the meaning of Schema.

9. गौण मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं ?

What do you mean by secondary evaluation ?

10. वाक्य-पूर्ति परीक्षण क्या है ?

What is sentence completion test ?

## खण्ड - स

## Group – C

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type questions)

**प्रश्न सं० ११ से १५ दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर दें । 3x7=21**

**Q. Nos. 11 to 15 are long answer type. Answer any three questions. 3x7=21**

11. बुद्धि के मुख्य प्रकारों की व्याख्या करें।

Explain the main types of intelligence.

12. मानव व्यवहार पर दूरदर्शन देखने के पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन करें।

Describe the impact of viewing television upon human behaviour.

13. मानव संप्रेषण के विभिन्न तत्वों का वर्णन करें।

Describe the components of human communication.

14. सामाजिक प्रभाव की प्रक्रियाओं का वर्णन करें।

Describe the process of social influence.

15. शेल्डन के अनुसार व्यक्तित्व प्रकारों का वर्णन करें।

Describe the types of personality according to Sheldon.

# मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET-VIII का ANSWER

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective) :** **28x1=**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. स | 2. द | 3. द | 4. अ | 5. ब | 6. द | 7. स |
| 8. स | 9. अ | 10. अ | 11. स | 12. द | 13. ब | 14. अ |
| 15. द | 16. द | 17. द | 18. ब | 19. अ | 20. ब | 21. ब |
| 22. स | 23. द | 24. स | 25. द | 26. अ | 27. स | 28. स |

**लघु उत्तरीय Short answer) :** **7x3=2**

1. आत्म-सक्षमता पद का प्रतिपादन वैण्डुरा ने किया। इससे तात्पर्य व्यक्ति में अपने प्रभावशीलता के बारे में विश्वास से होता है। यहाँ व्यक्ति को एक विश्वास होता है कि वह परिस्थिति पर काबू पा सकता है वांछनीय परिणाम की प्राप्ति कर सकता है।

2. टोकन अर्थव्यवस्था व्यवहार चिकित्सा का एक ऐसा प्रकार है जो क्रियाप्रसूत अनुबंधन के नियमों पर आधृत है जिसमें रोगी उत्तम, प्रत्याशित एवं समायोजित ढंग से व्यवहार करने पर कुछ टोकन अर्जित कर सकते हैं जिसका विनिमय करके वे मूल्यवान पुरस्कारों एवं वस्तुओं की प्राप्ति कर सकते हैं।

3. समूह से तात्पर्य दो या दो से अधिक व्यक्तियों का एक ऐसा संग्रहण जो आपस में अंतर्क्रिया करते हैं तथा दूसरे पर आश्रित रहते हुए एक सामान्य लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अग्रसर रहते हैं।

4. सामाजिक अनन्यता एक महत्वपूर्ण संप्रत्यय हे जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने आप को सामाजिक संद समझता है। यह व्यक्ति के आत्म-संप्रत्यय का वह पहलू होता है जो समूह की सदस्यता पर आधारित होता है

5. रोगी-परामर्शदाता संबंध में कुछ नैतिक मुद्दे होते हैं अर्थात् कुछ ऐसे नियम होते हैं, जिनका पालन आवश्यक होता है। यदि कोई परामर्शदाता उनका उल्लंघन करता है, तो उस पर कानूनी कार्यवाही भी क सकती है। इस नियमावली के अन्तर्गत गोपनीयता, व्यवसायिक खुलापन, व्यवसायिक संबंध आदि मुख्य रू उल्लेखनीय नैतिक मुद्दे हैं।

6. कुछ समाज मनोवैज्ञानिकों का मत है कि व्यक्ति का विश्वासतंत्र, मूल्य, सामाजिक मानक जिसमें उ पालन-पोषण होता है, गरीबी का कारण होता है। इस तरह के विश्वास, मानक एवं मूल्य तंत्र को गरीबी संस्कृति कहा जाता है जो व्यक्ति को यह समझने या सोचने के लिए बाध्य करता है कि वह गरीब है तथा ही रहेगा।

7. आनुभाविक बुद्धि को सर्जनात्मक बुद्धि भी कहा जाता है। इसमें व्यक्ति में सूझ एव नए-नए विचारों को करने की क्षमता होती है। इस तरह की बुद्धि में व्यक्ति अपने गत अनुभूतियों का उपयोग करते हुए नई समस का समाधान करता है।

8. स्कीमा से तात्पर्य एक ऐसी मानसिक संरचना से होता है जो एक ऐसा फ्रेमवर्क नियमों या दिशा-निर्देश का होता है जिससे किसी वस्तु के बारे में प्राप्त सूचनाओं को संसाधित करने में मदद करता है। वास्तव में स एक विशेष मानसिक इकाई होती है और प्राप्त सूचनाओं को संसाधित करने का एक लघु रास्ता होता है।

9. गौण मूल्यांकन से तात्पर्य उन संसाधनों के आकलन से होता है जो व्यक्ति के सामने दबाव कारकों से निबट लिए उपलब्ध होते हैं। ऐसे संसाधन भौतिक, व्यक्तिगत तथा सामाजिक होते हैं। यदि व्यक्ति यह मूल्यांकन है कि दबाव कारकों से निबटने के पर्याप्त संसाधन मौजूद हे, तो दबाव बहुत ही कम होगा। परन्तु यदि वह समझता है कि दबाव से निबटने के पर्याप्त संसाधन मौजूद नहीं है, तो उसमें दबाव की मात्रा तथा गं अधिक होगी।

10. वाक्यपूर्ति परीक्षण में कई अधूरे वाक्य होते हैं। परीक्षार्थी को अपनी ओर से अधूरे वाक्य को पूरा करना होत ऐसी पूर्वकल्पना की जाती है कि परीक्षार्थी द्वारा अंतिम भाग को पूरा करने के लिए चुने गए वाक्यांशों से अभिप्रेरकों, मनोवृति, द्वन्द्व आदि का पता चल पाता है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type)** **3x7=2**

11. मनोवैज्ञानिकों ने कई तरह के बुद्धि परीक्षणों का निर्माण किया है जिनके माध्यम से बुद्धि का मापन होत बुद्धि परीक्षणों को निम्नलिखित चार प्रमुख भागों में बांटा गया है -

**(क) शाब्दिक या वाचिक बुद्धि परीक्षण** - वैसे बुद्धि परीक्षण को कहा जाता है जिसके एकांश शब्द वाक्यों के रूप में लिखित होते हैं। परीक्षार्थी उन्हें पढ़कर समझता है तथा फिर उत्तर देता जाता है। दिए गए के आधार पर व्यक्ति की बुद्धि की माप की जाती है।

**(ख) अशाब्दिक या अवाचिक बुद्धि परीक्षण** - वैसे बुद्धि परीक्षण को कहा जाता है जिसके एकांश कथन शाब्दिक नहीं होते हैं। इसमें एकांशों के रूप में कुछ चित्र उपस्थित किए जाते हैं और उसी से सं कुछ प्रश्न होते हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के आधार पर व्यक्ति की बुद्धि मापी जाती है। इस परीक्षण का उ पढ़े-लिखे तथा अनपढ़ दोनों तरह के व्यक्तियों पर किया जाता है।

**(ग) क्रियात्मक बुद्धि परीक्षण** - वैसे बुद्धि परीक्षण को कहा जाता है जिसमें परीक्षार्थी या विषयी को ठोस वस्तुएँ जैसे लकड़ी के छोटे-छोटे वर्गाकार एवं आयताकार ब्लॉक दिए जाते हैं और उनका परिचालन उन्हें दिए गए समय के भीतर एक आकृति बनानी होती है। आकृति बनाने में लगे समय तथा त्रुटि के आधा व्यक्ति की बुद्धि की माप की जाती है। इस परीक्षण का उपयोग सभी तरह के व्यक्तियों के बुद्धि मापने किया जाता है।

**(घ) अभाषाई बुद्धि परीक्षण** - वैसे परीक्षण को कहा जाता है जो भाषा के चंगुल से पूर्णतः मुक्त होत परीक्षण में निर्देश हाव-भाव, चित्ताभिनय द्वारा दिए जाते हैं। इन परीक्षणों का उपयोग किसी भी संस्कृ व्यक्तियों की बुद्धि मापने में सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

12. दूरदर्शन आधुनिक समय का सबसे महत्वपूर्ण जनसंचार माध्यम है। व्यवहार पर दूरदर्शन का सार्थक प्रभाव है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार दो तरह के प्रभाव पड़ते देखे जाते हैं –

**(a) धनात्मक प्रभाव :** दूरदर्शन एक महत्वपूर्ण शैक्षिक माध्यम का काम्र करता है। इससे बच्चों एवं बड़ों दोन ही ज्ञानबर्द्धक सूचनाऐं प्राप्त होती है। दूरदर्शन देखने से बच्चों में संख्या एवं अक्षर कौशल मजबूत होते हैं। बच्चों का शब्दकोष भी बड़ा होता है। कुछ अध्ययनों में यह पाया गया है कि दूरदर्शन बच्चों में प्रसामा व्यवहार को मजबूत करता है। दूरदर्शन देखने वाले व्यक्तियों में किसी लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करने की तथा किसी चीज को समझने की क्षमता में वृद्धि होती है। दूरदर्शन देखने से बच्चों में काल्पनिक खेल को मिलता है।

**(b) ऋणात्मक प्रभाव :** मानव व्यवहार पर दूरदर्शन का कुछ अवांछनीय एवं हानिकारक प्रभाव भी पड़त दूरदर्शन पर कार्यक्रम देखने वाले बच्चों में निष्क्रियता बढ़ जाती है तथा इनके घर से बाहर किये जाने अन्त:क्रियाओं में कमी आ जाती हैं । बच्चों में पढ़ने एर्वं लखने की आदत थोड़ा कमजोर हो जाती है। दू के कुछ कार्यक्रम को देखकर किशोर एवं किशोरियाँ पथभ्रष्ट हो जाते हैं। अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है दूरदर्शन पर आक्रामक दृश्यों को देखने से दिन–प्रतिदिन की जिन्दगी में बच्चे पहले से अधिक आक्रामक व्य करने लगते हैं।

इस प्रकार स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता है कि दूरदर्शन का मानव व्यवहार पर अच्छे एवं बुरे दोनों के प्रभाव पड़ते हैं।

13. संचार एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक व्यक्ति अपने भावों तथा विचारों को शाब्दिक या अशाब्दिक संदे रूप में व्यक्त करते हुए इसे दूसरे व्यक्ति को देता है, जिसे दूसरा व्यक्ति ग्रहण कर अर्थ समझने की को करता है। संप्रेषण के कुछ विशेष घटक होते हैं जिनसे संचार की प्रक्रिया सुदृढ़ होती है । ऐसे प्रमुख्य निम्नांकित हैं –

**(a) बोलना :** संप्रेषण का एक महत्वपूर्ण घटक भाषा का उपयोग करते हुए बोलना है। भाषा में व्यक्ति संके उपयोग करता है। संप्रेषणकर्ता को अपने संप्रेषण को प्रभावी बनाने के लिए भाषा का सही–सही उपयोग एवं प्राप्तिकर्ता के स्तर को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

**(b) सुनना :** सुनना एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति सूचना या सन्देश पर धैर्यपूर्वक ध्यान देता है और उ विश्लेषित करके उसके प्रति अनुक्रिया करता है। सुनने में निम्नलिखित प्रक्रिया सम्मिलित होती है – प्र अवधान एवं अर्थ प्रदत करना।

**(c) शरीर की भाषा :** इससे तात्पर्य यह है कि शब्दों को छोड़कर उन सारे सन्देशों से होता है जिसका उ करके व्यक्ति अपने विचारों एवं भावों की अभिव्यक्ति करता है। इसमें मुख्य रूप से कृत्य, मुद्रा या भंगिमा सम्पर्क, पोशाक शैली तथा शारीरिक गति आदि सभी सम्मिलित होते हैं।

इस प्रकार स्पष्ट हुआ कि संचार के कई घटक हैं जिनके आधार पर व्यक्ति संचार के स्वरूप को ढंग से समझ पाते हैं।

14. सामाजिक प्रभाव से तात्पर्य उन प्रक्रियाओं से होता है जिसके सहारे व्यक्ति की मनोवृत्ति तथा व्यवहार, व्यक्तियों के वास्तविक या काल्पनिक अंत:क्रिया से प्रभावित होता है। इस तरह का प्रभाव साभिप्राय या प्रास हो सकता है। जो व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह दूसरों पर प्रभाव पड़ता है, उसे प्रभावक अभिकर्ता तथ व्यक्ति प्रभावित होता है, उसे लक्षित व्यक्ति कहा जाता है। सामाजिक प्रभावस की तीन प्रक्रियाएँ होती है निम्नलिखित हैं –

**(i) अनुरूपता :** यह एक ऐसा व्यवहार है जिससे व्यक्ति समूह दबाव के सामने झुक जाता है, हालांकि उ व्यक्तिगत अनुभूतियाँ दूसरे ढंग से विचार करना चाहती है। समूह दबाव में समूह के मानक, मूल्यों, रीति–रि द्वारा व्यक्ति पर दबाव दिया जाता है। यह दबाव अप्रत्यक्ष होता है।

**(ii) अनुपालन :** जब कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के अनुरोध या निवेदन के अनुरूप व्यवहार करता है तो अनुपालन कहा जाता है। अनुपालन के अनेक उदाहरण समाज में देखने को मिलते हैं। इसमें सामाजिक प्रत्यक्ष होता है।

**(iii) आज्ञापालन :** आज्ञापालन सामाजिक प्रभव की एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक व्यक्ति विशेषकर अधिकारी दूसरे व्यक्ति को कुछ अनुक्रिया करने का आदेश करता है जिसे उस व्यक्ति को सामान्यत: करन पड़ता है। आदेश का उल्लंघन करने पर व्यक्ति को पुरस्कार से वंचित रह जाना पड़ता है, साथ ही साथ उसे का भी भागी बनना पड़ता है।

स्पष्ट है कि सामाजिक प्रभाव की तीन प्रक्रियाएँ हैं जिनका स्वरूप एक दूसरे से बिल्कुल ही भिन्न

15. व्यक्तित्व के स्वरूप की व्याख्या करने के लिए जिन सिद्धान्तों का वर्णन किया गया है उनमें प्रकार उ काफी महत्वपूर्ण है। व्यक्तित्व के प्रकार से तात्पर्य व्यक्तित्व के एक ऐसी वर्ग से होता है जिनके सदस्यों के एक–दूसरे से मिलते–जुलते हैं। **शेल्डन** ने शरीर गठन के आधार पर सोमैटोटाइप सिद्धान्त का प्रतिपादन कि इन्होंने शरीर गठन के आधार पर व्यक्तित्व के तीन प्रकार बताए –

**(i) एण्डोमार्फी** – इस प्रकार के व्यक्ति मोटे एवं नाटे कद के होते हैं। इनका शारीरिक गठन गोलाकार होत ऐसे लोग सामाजिक, आरामतलब, खुशमिजाज होते हैं। इस प्रकार के लोग खाने–पीने के चीजों में अ अभिरूचि दिखाते हैं। ऐसे लोग सोने में बहुत तेज होते हैं। इस स्वभाव को शेल्डन ने विसरोटोनिया कहा है।

**(ii) मेसोमार्फी** – इस तरह के व्यक्ति के शरीर की हड्डियाँ मजबूत तथा मांसपेशियाँ काफी गठीली होती इनका शरीर गठन सुडौल होता है। ऐसे व्यक्ति बहादुर, निश्चयी हाते हैं। इनमें आक्रमतकता का गुण पाया है। ऐसे व्यक्तियों के स्वभाव को शेल्डन ने सामैटोनिया कहा है।

**(iii) एक्टोमार्फी** – इस तरह के व्यक्ति का शारीरिक गठन इकहरा होता है। वे लंबे तथा दुबेले–पतले क होते हैं। इनके शरीर की मांसपेशियों का विकास पूरा नहीं होता है। ऐसे व्यक्ति अकेला रहना पसंद करते है संकोचशील एवं लजालु स्वभाव के होते हैं। इस तरह के व्यक्ति काफी संवेदनशील होते हैं तथा उनमें नीं शिकायत होती है। ऐसे व्यक्ति की चित्त प्रकृति को सेरीब्रोटोनिया कहा जाता है।

⌘⌘⌘⌘⌘

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## वर्ष 2017 का मॉडल प्रश्न पत्र एवं उत्तरमाला

## मनोविज्ञान (Psychology)

## Set – IX

# MODEL PAPER

## कक्षा - XII

## मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET – IX

## खण्ड – अ

## Group – A

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective type questions)

**सही उत्तर का चयन करते हुए प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दें । 28x1=28**
**Select the correct answer to each question : 28x1=28**

1. बुद्धि के विषय पर शोध करने वाले पहले मनोवैज्ञानिक थे –

(अ) गिलफोर्ड (ब) लिकर्ट
(स) बिने (द) स्पीयरमैन

Who was the first Psychologist did his research on intelligence ?
(a) Guilford (b) Likert
(c) Binet (d) Spearman

2. बिने साइमन परीक्षण माप है –

(अ) मनोवृति परीक्षण (ब) अभिरूचि परीक्षण
(स) बुद्धि परीक्षण (द) व्यक्तित्व परीक्षण

Binet Simon test a measure of -
(a) Attitude (b) Interest
(c) Intelligence (d) Personality

3. निम्नलिखित में से कौन सृजनात्मक चिन्तन की अवस्था नहीं है

(अ) सत्यापन (ब) धारण
(स) उद्‌भवन (द) तैयारी

Which one among the following is not the stage of creative thinking ?
(a) Verification (b) Retention
(c) Incubation (d) Preparation

4. प्रतिभाशाली बालक की सबसे बड़ी विशेषता है –

(अ) दृढ़ता (ब) सूझ
(स) मौलिकता (द) संवेगात्मक परिपक्वता

The most important characteristic of genius child is -

(a) Determination (b) Insight
(c) Originality (d) Emotional maturity

5. बच्चों में 'स्व' का विकास किस आय से होने लगता है ?

(अ) 1 वर्ष में (ब) 1 वर्ष 8 महीने में
(स) लगभग 2 वर्ष में (द) 6 महीने में0

In which age self in children being developed ?

(a) One year (b) One year 8 months
(c) About 2 years (d) 6 months

6. इनमें से कौन व्यक्तित्व निर्माण के जैविक निर्धारक नहीं हैं ?

(अ) शारीरिक संरचना (ब) बुद्धि
(स) अंत:स्रावी ग्रन्थियाँ (द) परिवार

Which is not biological determinant of personality formation ?

(a) Physical structure (b) Intelligence
(c) Endocrine gland (d) Family

7. व्यक्तित्व मापन का इनमें से कौन प्रक्षेपी तकनीक नहीं है ?

(अ) प्रक्षेपण (ब) रोशार्क का स्याही-धब्बा परीक्षण
(स) कथानाक परीक्षण (द) वाक्य-पूर्ति जाँच परीक्षण

Which is not projective technique of personality measurement among these ?

(a) Projection (b) Rosarch Ink Blot test
(c) Strong telling test (d) Sentence completion test

8. आत्मसिद्ध की अवधारणा को प्रस्तुत किया -

(अ) रोजर्स ने (ब) मास्लो ने
(स) युंग ने (द) फ्रायड ने

The concept of self-actualization was introduced by -

(a) Rogers (b) Maslow
(c) Jung (d) Freud

9. युंग के मनोविज्ञान को कहा जाता है -

(अ) मानवतावादी मनोविज्ञान (ब) गत्यात्मक मनोविज्ञान
(स) विश्लेषणात्मक मनोविज्ञान (द) वैयक्तिक मनोविज्ञान

The Psychology of Jung is said -

(a) Humanistic Psychology (b) Dynamic Psychology
(c) Analytical Psychology (d) Individual Psychology

10. व्यक्ति के अचेतन इच्छाओं को बाहर लाने की विधि कहलाती है -

(अ) जीवन-वृत्त विधि | (ब) साक्षात्कार विधि

(स) प्रक्षेपण विधि | (द) प्रश्नावली विधि

The method of taking out the unconscious desire is -

(a) Life History method | (b) Interview method

(c) Projective method | (d) Questionnaire method

11. निम्नलिखित में से आनन्द सिद्धान्त से निर्देशित होता है -

(अ) पराहं | (ब) इदं

(स) अहं | (द) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is guided by pleasure principle ?

(a) Super ego | (b) Id

(c) Ego | (d) None of these

12. शीलगुण के लिए आवश्यक है -

(अ) व्यवहार में संगतता | (ब) व्यवहार में स्थिरता

(स) व्यवहार में संगतता तथा स्थिरता दोनों | (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Trait needs -

(a) Consistency in behaviour | (b) Stability in behaviour

(c) Consistency and stability in behaviour | (d) None of these

13. निम्नलिखित में से कौन-सा सही क्रम है -

(अ) अव्यक्त अवस्था, मौखिक अवस्था, गुदा अवस्था | (ब) गुदा अवस्था, मौखिक अवस्था, अव्यक्त अवस्था

(स) मौखिक अवस्था, गुदा अवस्था, अव्यक्त अवस्था | (द) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following is the correct sequence ?

(a) Latency stage, Oral stage, Anal stage | (b) Anal stage, Oral stage, Latency stage

(c) Oral stage, Anal state, Latency stage | (d) None of these

14. फ्रायड के अनुसार ऑडिप्स की अवधि में बालक प्रतियोगिता करता है -

(अ) बहन के साथ | (ब) भाई के साथ

(स) माता के साथ | (द) पिता के साथ

According to Freud during Oedipus period the boy conspetes with his -

(a) Sister | (b) Brother

(c) Mother | (d) Father

15. तनाव उत्पन्न करने वाले कारक को कहते हैं –

(अ) अनुकरण (ब) प्रतिबलक

(स) प्रत्याहार (द) प्रतिगमन

The factor originally stress is -

(a) Imitation (b) Stressor

(c) Withdrawal (d) Regression

16. लक्ष्य प्राप्ति में बाधा और आवश्यकताओं एवं अभिप्रेरकों के अवरूद्ध होने से उत्पन्न होता है –

(अ) द्वन्द्व (ब) कुंठा

(स) आन्तरिक दबाव (द) इनमें से कोई नहीं

Barrier in goal achievement and blockage of needs and motive create -

(a) Conflict (b) Frustration

(c) Internal pressure (d) None of these

17. आक्रमण का कारण कौन नहीं है ?

(अ) शरीर क्रियात्मक तंत्र (ब) तदात्भीकरण

(स) सहज प्रवृति (द) इनमें से कोई नहीं

Which one is not the cause of aggression ?

(a) Physiological system (b) Identification

(c) Reflex-action (d) None of these

18. इनमें से कौन मानव-निर्मित प्रतिबल है ?

(अ) बाढ़ (ब) प्रदूषण

(स) भूकम्प (द) चक्रवात

Which one is man-made stress ?

(a) Flood (b) Pollution

(c) Earthquake (d) Cyclone

19. संवेगात्मक समायोजन का आशय है –

(अ) परिस्थिति के अनुसार अपना संवेग व्यक्त करना (ब) अपने संवेग पर नियंत्रण रखना

(स) हर परिस्थिति में समान संवेग व्यक्त करना (द) इनमें से कोई नहीं

Emotional adjustment means -

(a) To express your emotion according to situation

(b) To control your emotion

(c) To express emotion in the same way in all situation

(d) None of these

20. एक्रोफोबिया का अर्थ होता है -

(अ) कुत्ता से डरना
(ब) बिल्ली से डरना
(स) ऊँचाई से डरना
(द) आँधी-तूफान से डरना

Acrophobia refers to -

(a) Fear of dog
(b) Fear of cat
(c) Fear of height
(d) Fear of cyclone

21. बुलिमिया एक ऐसी विकृति है जिसमें -

(अ) भूख कम लगता है
(ब) प्यास अधिक लगता है
(स) भूख अधिक लगता है
(द) प्यास कम लगता है

Bullemia is such a disease in which -

(a) Hunger is less
(b) Thirst is more
(c) Hunger is more
(d) Thirst is less

22. मनोचिकित्सा का उद्देश्य है -

(अ) रचनात्मक समायोजन
(ब) विध्वंसात्मक समायोजन
(स) जीवन-शैली के सुधार में सहायता करना
(द) 'अ' एवं 'स' दोनों

The purpose of Psychology is -

(a) Constructive adjustment
(b) Destructive adjustment
(c) To help improve life style
(d) Both 'a' and 'c'

23. आधुनिक चिकित्साशास्त्र का जनक किसे माना जाता है ?

(अ) हिप्पोक्रेटस
(ब) रोजर्स
(स) फ्रायड
(द) मैसलो

Who is known as the father of modern medical science ?

(a) Hippocrates
(b) Rogers
(c) Freud
(d) Maslow

24. मनोविश्लेषणात्मक चिकित्सा संबंधित है -

(अ) युंग से
(ब) फ्रायड से
(स) मैसलो से
(द) एडलर से

Psychoanalytic therapy is related to -

(a) Jung
(b) Freud
(c) Maslow
(d) Adler

25. विश्व योग दिवस मनाया जाता है -

(अ) 21 जुलाई को
(ब) 21 जून को
(स) 21 मई को
(द) 21 अगस्त को

"World Yoga Day" is celebrated on -

(a) 21st July (b) 21st June

(c) 21st May (d) 21st August

26. मनोवृति का विकास सर्वाधिक विकसित होता है –

(अ) जाति से (ब) परिवार से

(स) आयु से (द) बुद्धि से

The development of attitude is largely influenced by -

(a) Caste (b) Family

(c) Age (d) Intelligence

27. स्कीमा है एक –

(अ) मानसिक संरचना (ब) सामाजिक संरचना

(स) शारीरिक संरचना (द) इनमें से कोई नहीं

Schema is a -

(a) Mental structure (b) Social structure

(c) Physical structure (d) None of these

28. परिवार समूह है –

(अ) प्राथमिक (ब) सन्दर्भ

(स) द्वितीयक (द) इनमें से काई नहीं

Family is a group -

(a) Primary (b) Reference

(c) Secondary (d) None of these

## खण्ड – ब

## Group – B

### लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type questions)

**प्रश्न सं0 १ से १० तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं ७ प्रश्नों के उत्तर दें । 7x3=21**

**Q. Nos. 1 to 10 are short answer type. Answer any 7 questions. 7x3=21**

1. संवेगात्मक बुद्धि क्या है ?

   What is emotional intelligence ?

2. प्रतिभाशालिता की पहचान कैसे करते हैं ?

   How is giftedness identified ?

3. सृजनात्मकता से आप क्या समझते हैं ?

   What do you mean by creativity ?

4. युंग के अनुसार मन के चार प्रमुख कार्य क्या हैं ?

   Describe the four main functions of mind according to Jung.

5. समायोजन क्या है ?

   What is adjustment ?

6. सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक प्रतिबलों का उल्लेख करें।

   Describe social and psychological stresses.

7. विभ्रम क्या है ?

   What is hallucination ?

8. मनोविश्लेषणात्मक चिकित्सा की सीमाएँ क्या हैं ?

   What are the limitations of psychoanalysis therapy ?

9. मनोवृत्ति के निर्माण में परिवार की क्या भूमिका है ?

   What is the role of family in attitude formation ?

10. मनोवृति तथा मूल्य में अंतर बताएँ।

    Distinguish between attitude and value.

## खण्ड – स

## Group – C

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type questions)

**प्रश्न सं0 ११ से १५ दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं ३ प्रश्नों के उत्तर दें । 3x7=21**

**Q. Nos. 11 to 15 are long answer type. Answer any three questions. 3x7=21**

11. मानव व्यवहार पर पर्यावरणीय प्रभावों का वर्णन करें।

    Discuss the environmental effects on human behaviour.

12. मनोविदालिता के लक्षणों का वर्णन करें।

    Discuss the symptoms of schizophrenia.

13. अभिक्षमता से आप क्या समझते हैं ? अभिक्षमता परीक्षण के प्रमुख प्रकारों का वर्णन करें।

    What do you mean by aptitude ? Discuss the main types of aptitude tests.

14. प्रभावपूर्ण परामर्श क्या है ? इसकी अवस्थाओं का वर्णन करें।

    What is effective counselling ? Describe its stages.

15. समूह की संरचना का वर्णन संक्षेप में करें।

    State briefly the structure of group.

# मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY)

## SET-IX का ANSWER

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective) :** **28x1=28**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. स | 2. स | 3. ब | 4. ब | 5. स | 6. स | 7. स |
| 8. ब | 9. स | 10. स | 11. ब | 12. स | 13. स | 14. द |
| 15. ब | 16. ब | 17. अ | 18. ब | 19. अ | 20. स | 21. अ |
| 22. द | 23. अ | 24. ब | 25. ब | 26. ब | 27. अ | 28. अ |

**लघु उत्तरीय Short answer) :** **7x3=21**

1. संवेगात्मक बुद्धि अपने और दूसरे के भावों को पहचानने की क्षमता द्वारा अपने आप को अभिप्रेरित करके एवं अपने संबंधों में संवेग को प्रतिबंधित करने की क्षमता है।

2. प्रतिभाशालिता की पहचान के निम्न बिन्दू हैं –

   (क) इनकी बुद्धि लब्धि 140 या उससे अधिक होती है।

   (ख) इनका शारीरिक गठन भी औसत बच्चों से अच्छा होता है।

   (ग) सामाजिक और संवेगात्मक परिपक्वता अधिक होती है।

   (घ) इनमें नेतृत्व क्षमता पायी जाती है।

   (ङ) यह साधारण बच्चों की अपेक्षा शीघ्र बोलना और चलना सीख लेते हैं।

3. सर्जनात्मकता अंग्रेजी के शब्द creativity से बना है जिसका अर्थ होता है उतदन, रचनात्मकता, सर्जन, सर्जित करना आदि। सर्जनात्मकता में नए एवं मौलिक विचार रहते हैं, इसमें अनोखे एवं नूतन साहचर्य का बोध होता है एवं यह अकस्मात रूप से प्रकट होती है।

4. युंग के अनुसार मन के निम्न चार कार्य हैं –

   (क) **संवेदना** – इससे वातावरण की विभिन्न उत्तेजनाओं का पता चलता है।

   (ख) **चिंतन** – इससे उत्तेजना के अर्थ की पहचान होती है।

   (ग) **भाव अनुभूति** – इसके द्वारा संवेगात्मक अनुक्रियाऐं होती है।

   (घ) **अंतर्दृष्टि** – इसके द्वारा हमें ज्ञान प्राप्त होता है।

5. समायोजन वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति को एक सुखी और संतोष भरा जीवन व्यतीत करने को प्रेरित करता है। साथ ही, उसे अपनी आवश्यकताओं और क्षमताओं के बीच संतुलन बनाए रखने की ओर भी प्रवृत करता है।

6. सामाजिक प्रतिबल की उत्पत्ति व्यक्तिगत घटनाओं के कारण होती है। जैसे, परिवार में निकट संबंधी की मृत्यु, विवाह–विच्छेद, तनावपूर्ण शारीरिक संबंध आदि जबकि मनोवैज्ञानिक प्रतिबल वैसे प्रतिबल को कहते हैं जो कुंठा, सघर्ष तथा दबाव के कारण उत्पन्न होते हैं।

7. किसी बाह्य उत्तेजना की अनुपस्थिति में व्यक्ति में होने वाले प्रत्यक्षीकरण को विभ्रम कहा जाता है। यह कई प्रकार के होते हैं – दृष्टि विभ्रम, स्वाद विभ्रम, स्पर्श विभ्रम, घ्राण विभ्रम ।

8. मनोविश्लेषणात्मक चिकित्सा की कई सीमाएँ हैं। जैसे, यह गंभीर विकृतियों के रोगियों की चिकित्सा में असफल है। बुढ़े, बच्चों की चिकित्सा में अनुपयुक्त है। समय, मुद्रा तथा शक्ति की अधिक खर्च होती है। इसके द्वारा किसी रोगी को तुरंत लाभ नहीं मिल पाता है।

9. मनोवृत्ति के निर्माण में परिवार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार ही बच्चों का पहला पाठशाला है। परिवार का आदर्श, रहन–सहन का स्तर, माता–पिता का आपसी सम्बन्ध आदि का प्रभाव मनोवृति विकास पर अधिक पड़ता है। यदि परिवार के सदस्यों की मनोवृति पूजा–पाठ के प्रति अनुकूल रहती है तो बच्चों की मनोवृति भी पूजा–पाठ के प्रति अनुकूल हो जाती है।

10. मनोवृति में संज्ञानात्मक, भावात्मक तथा व्यवहारपरक तत्वों का एक संगठन या तंत्र होता है जबकि मूल्य किसी वस्तु या विचार से संबंधित एक सकारात्मक या नकारात्मक भाव होता है। मूल्य में मनोवृति की अपेक्षा भावात्मक पक्ष अधिक मजबूत होता है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type)** **3x7=21**

11. व्यक्ति ऐसे संसार में रहता है जो भौतिक वस्तुओं और कुछ सामाजिक एवं सांस्कृतिक, वातावरण से घिरा रहता है और यह हमारे व्यवहारों को अत्यधिक प्रभावित करते हैं। पर्यावरण में भौतिक पर्यावरण एवं मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के पारस्परिक संबंधों का अध्ययन किया जाता है। पर्यावरण के अन्तर्गत शोरगुल, ताप एवं प्रदूषण आते हैं जो मानव व्यवहार को बहुत अधिक प्रभावित करते हैं। शोरगुल व्यक्ति के अनुकूल सामाजिक व्यवहार और आक्रामक व्यवहार को प्रभावित करता है।

उच्चस्तरीय ताप व्यक्ति में निषेधात्मक भाव उत्पन्न करता है जिसके कारण दूसरे के प्रति उसका आकर्षण कम हो जाता है। अत्यधिक ताप रहने पर सामूहिक हिंसा की संभावना बढ़ जाती है तथा व्यक्ति का अंतरपारस्परिक व्यवहार आक्रामक हो जाता है।

प्रदूषण के अन्तर्गत जल एवं वायु प्रदूषण महत्वपूर्ण हैं। जनसंख्या वृद्धि के कारण स्वच्छ पानी की आपूर्ति संभव नहीं है। दूषित पानी के कारण अनेक रोगों से व्यक्ति ग्रस्त हो जाता है। वायु प्रदूषण के कारण व्यक्ति के ऊपर मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी पड़ता है। उनमें असुखद संवेगात्मक प्रतिक्रिया परिलक्षित होने लगती है जो उनके सामाजिक संबंधों को भी प्रभावित करती है।

12. मनोविदालिता के निम्नलिखित सामान्य लक्षण हैं –

**(क) संवेगात्मक विकृतियाँ** – रोगी में संवेगात्मक उदासीनता देखी जाती है। वे घंटों एकान्त में बैठे रहते हैं, किसी से बातचीत नहीं करते हैं। परिवार के किसी व्यक्ति की मृत्यु, उत्सव, संतान की सफलता आदि का उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। उनमें प्रेम, सहानुभूति और कोमल भावनाऐं मर सी जाती है।

**(ख) विघटित व्यक्तित्व** – ऐसे रोगियों में भावात्मक, बोधातात्मक तथा क्रियात्मक प्रतिक्रियाओं के बीच एकता तथा समन्वय की कमी रहती है। इनका व्यक्तित्व विघटित रहता है। संवेग का अनुभव किए बिना चिल्लाते हैं कि ''कल मैं मर जाऊँगा।''

**(ग) मानसिक ह्रास** – ऐसे रोगियों के स्मरण, क्रियात्मक क्षमता, शिक्षण आदि में कमी देखी जाती है। वह अपनी परिस्थितियों को समझने में असमर्थ रहता है तथा तिथि और दिन भी ठीक से नहीं बता पाता।

**(घ) विभ्रम** – विभ्रम कई प्रकार के होते हैं – श्रवण सम्बन्धी, दृश्य सम्बन्धी, स्पर्श, घ्राण तथा स्वाद सम्बन्धी। बिना उत्तेजना के भी रोगी को संवेदना होती रहती है। जैसे, श्रवण संबंधी विभ्रम में कान में भगवान की आवाज अनुभव करता है।

**(ङ) व्यामोह** – इसके रोगी में विचार तर्क का अभाव रहता है। वह यह विश्वास करते हैं कि उनके चारों ओर दुश्मन बैठे हैं और वे उन्हें हर तरह से परेशान कर रहे हैं।

**(च) व्यवहार सम्बन्धी विकृतियाँ** – इसके रोगी का व्यवहार स्थिरीकृत तथा आवेगशील होता है। रोगी का शरीर अकड़ा तथा तना होता है।

13. अभिक्षमता का अर्थ किसी एक समूह या क्षेत्र में व्यक्ति की कार्य कुशलता की 'विशिष्ट योग्यता' अथवा 'विशिष्ट क्षमता' से है। **बिंघम** के अनुसार – ''अभिक्षमता किसी व्यक्ति के प्रशिक्षण के बाद उसके ज्ञान, दक्षता, प्रतिक्रियाओं को जानने की योग्यता है।''

अभिक्षमता को मापने के लिए अभिक्षमता परीक्षण का प्रयोग किया जाता है। अभिक्षमता परीक्षण के दो प्रकार हैं – स्वतंत्र अभिक्षमता परीक्षण तथ बहु अभिक्षमता परीक्षण। स्वतंत्र अभिक्षमता परीक्षण विशिष्ट प्रकार के परीक्षण होते हैं जिनके माध्यम से किसी एक प्रकार की अभिक्षमता का मापन होता है। जैसे, लिपिकीय अभिक्षमता परीक्षण, यांत्रिक अभिक्षमता परीक्षण, संख्यात्मक अभिक्षमता परीक्षण तथा टाइपिंग अभिक्षमता परीक्षण।

बहु अभिक्षमता परीक्षण का निर्माण परीक्षणमाला के रूप में किया जाता है जिसके द्वारा समजाती क्षेत्र में कई अलग-अलग अभिक्षमताओं का मापन होता है। बहु अभिक्षमता परीक्षण के कुछ उदाहरण हैं – Differential Aptitude Test (DAT), General Aptitude Test (GAT), Armed Services Vocational Aptitude Test (ASVAT) । इनमें से DAT काफी प्रचलित परीक्षण है जिसका उपयोग शैक्षिक परिस्थिति में होता है। इस परीक्षण का उपयोग कक्षा 8 तक के छात्रों के शैक्षिक एवं व्यावसायिक निर्देशन को आधार प्रदान करने के लिए किया जाता है।

14. परामर्शदाता और लाभार्थी दोनों के बीच पारस्परिक संबंधों पर आधारित अंत:क्रियात्मक प्रक्रिया को परामर्श कहा जाता है। परामर्श को प्रभावी तभी माना जाता है जब लाभार्थी अपनी समस्याओं के लिए स्वयं को उत्तरदायी मानने लगे, समस्याओं के बारे में समझ विकसित कर ले तथा उसमें समायोजन की क्षमता तथा समस्या समाधान के उपयुक्त तरीके विकसित हो जाएं।

प्रभावपूर्ण परामर्श की तीन अवस्थाऐं हैं –

**(क) प्रारंभिक खुलापन** – इस अवस्था में लाभार्थी अपनी समस्याओं का खुलकर परामर्शदाता के सामने रखने में संकोच करता है। परामर्शदाता लाभार्थी के साथ सौहादपूर्ण संबंध रखते हुए खुलकर व्यवहार करता है। वह लाभार्थी को विश्वास दिलाता है कि वह उसकी समस्या की गोपनीयता को ध्यान में रखकर समस्या का समाधान करेगा।

**(ख) गहराई से खोजबीन** – जब परामर्शदाता और लाभार्थी में मधुर संबंध बन जाता है तब लाभार्थी खुल कर अपनी बातें रखता है। परामर्शदाता लाभार्थी को प्रोत्साहित करते हुए उसकी मनोगतिक एवं परिस्थति का आकलन करने आदि सभी समस्याओं से परिचित होता है। धीरे–धीरे दोनों समस्या के आकलन एवं उसके उपयुक्त उपचार के निकट पहुँचने लगता है।

**(ग) कार्यवाही करना** – यह परामर्श की अंतिम एवं निर्णायक अवस्था है। इसमें प्राप्त सूचनाओं के आधार पर निर्णय लिया जाता है और उपचार के उचित तरीके को चुनकर उपचार किया जाता है। परामर्शदाता लाभार्थी को पूर्ण सहयोग देता है ताकि वे अपने प्रतिबल को दूर रख सकें तथा अपनाये गये व्यवहार की सफलता का स्वयं आकलन कर सकें।

15. समूह की संरचना के अन्तर्गत निम्नलिखित आवश्यक तत्व आते हैं –

**(क) भूमिका** – भूमिका से तात्पर्य उन प्रत्याशाओं से होता है जिसे एक दिए गए सामाजिक परिपेक्ष्य में सामान्यत: व्यक्ति करता है। जैसे, परिवार में पिता की भूमिका से यह प्रत्याशा की जाती है कि वह अपनी संतानों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

**(ख) मानक** – मानक से तात्पर्य ऐसे व्यवहार एवं विश्वास के प्रत्याशित नियम से होता है जो समूह के सदस्यों द्वारा स्थाापित किए जा चुके हैं। प्रत्येक परिवार में कुछ ऐसे नियम होते हैं जिनसे उस परिवार के सदस्यों का व्यवहार नियंत्रित होता है।

**(ग) पद** – पद या पदवी से तात्पर्य समूह के सदस्यों को अन्य लोगों द्वारा दिया गया सामाजिक स्थान से होता है। पद या तो समूह द्वारा व्यक्ति को वरीयता के आधार पर दिया जाता है या वह अपने विशेष कौशल, गुण, कड़ी मेहनत आदि के कारण प्राप्त कर लेता है।

**(घ) समग्रता** – समग्रता का तात्पर्य इस बात से होता है कि समूह के सभी सदस्य किस सीमा तक समूह में बने रहने के लिए प्रेरित रहते हैं। समग्रता एक प्रकार का दल भाव है जो सदस्यों को समूह में बने रहने के लिए प्रेरित करता है।

अत: स्पष्ट है कि समूह संरचना का अर्थ समूह के वैसे गुणों से होता है जिससे यह पता चलता है कि समूह का आकार कैसा है, समूह के सदस्यों की वैयक्तिक भूमिका कैसी है, सदस्यों का आपसी सम्बन्ध कैसा है तथा समाज के अन्य समूहों के साथ उसका संबंध कैसा है, आदि ।

⌘⌘⌘⌘⌘